ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 5, अंक 87, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये


# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ऑस्ट्रेलिया को मिल सकती है कड़ी टक्कर 13
जापान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 14



## शहर में आज

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12 :30 बजे।

☞ रोशन बाग स्थित पार्क में योग में शामिल होंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी प्रात : 5 बजे।

## एक नजर

### कार की चपेट में बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** मंडी के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सिविल लाइन निवासी रोहताश गुरुवार की शाम स्वार की ओर जा रहा था। मंडी के पास कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें रोहताश घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देख आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया।



अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ डा. नंद किशोर कलाल। ● अमृत विचार

## जुलाई तक पूरा करें सद्भावना मंडप का निर्माण : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल ने कार्यदायी संस्था के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना का कार्य जुलाई तक हर हाल में पूरा कर लें।

गुरुवार की दोपहर मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन सांस्कृतिक सद्भावना मंडप केन्द्र पनवड़िया के निर्माण के लिए अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष उपभोग पत्र एवं कार्य की अद्यतन प्रगति के संबंध में बैठक हुई। इसमें सद्भावना मंडप का निर्माण कार्य जुलाई तक पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए गए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर विकास कुमार वर्मा, कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी भवन खंड मुरादाबाद के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में बिजली की आवाजाही से परेशानी

**टांडा, अमृत विचार:** भीषण गर्मी में बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों को परेशान कर दिया है। कुछ दिन व्यवस्था ठीक रहती है। अब कई दिन से बार-बार की ट्रिपिंग और कटौती ने लोगों का दिन का चैन और रात की नींद हराम कर दी है। ट्रांसफार्मर फुंकने और उनकी खराबी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।

बिजली विभाग का ध्यान बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने के स्थान पर बिल के बकाया वसूली पर है। हालांकि शासन की ओर से भीषण गर्मी में जनता को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने एवं बिजली खराबी को त्वरित दूर किये जाने के आदेश दिए गए हैं। लेकिन इसके बावजूद निगम के अधिकारी अपनी मनमानी पर उतारू हैं। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने कहा कि निगम के अधिकारियों की उदासीनता के चलते भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

### योगाभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी रखा जा सकता है मजबूत

## नियमित योग से रह सकते हैं स्वस्थ : कुलदीप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आयुर्वेद मनोचिकित्सक एवं योग प्रशिक्षक डॉ.कुलदीप चौहान ने कहा कि नियमित योग और ध्यान के अभ्यास से सेहत को बेहतर बनाया जा सकता है। नियमित योग और ध्यान से न सिर्फ रक्तचाप बल्कि रक्त संचार में भी सुधार होता है। इससे मधुमेह पर भी बेहतर नियंत्रण पाया जा सकता है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत रखा जा सकता है। ध्यान के अभ्यास से मानसिक तनाव को नियंत्रित किया जा सकता है।

नियमित योग करने वाले लोग कहते हैं कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। रोजाना आधे घंटे योग और ध्यान का अभ्यास करने से अनियंत्रित जीवनशैली से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग की शरण में जाना पड़ेगा। योग आत्मा को शुद्ध करता है।

डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि जीवनशैली से होने वाली इन बीमारियों को नियंत्रित करने में योग और ध्यान सहायक है। हृदय रोग, रक्तचाप, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई बीमारियों के लिए योग की सलाह दी जाती है। योग रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने और मानसिक तनाव को प्रबंधित करने के साथ ही श्वसन संबंधी विकारों को भी नियंत्रित करने में मदद करता है। ऐसी बीमारियों का इलाज करा रहे लोगों के लिए स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग और ध्यान जरूरी है।



"डॉक्टरों ने बताया था कि पेट की चर्बी और बढ़ते वजन के कारण घुटने में दर्द और सांस फूलने की समस्या का एकमात्र समाधान वजन को सामान्य करना है। त्रिकोणासन, पादहस्तासन, ताड़ासन, पार्श्वकोणासन, कटिचर्कासन, कुंभक अभ्यास से यह संभव था। **– रीना**



"एलर्जिक अस्थमा प्राणायाम, धनुरासन और ध्यान योग के नियमित अभ्यास से मेरे एलर्जिक अस्थमा को नियंत्रित करने में काफी मदद मिल रही है। इनहेलर पर निर्भरता काफी कम हो गई है। मैंने योग को अपनी दिनचर्या का नियमित हिस्सा बना लिया है। **– गजाला अन्जुम**



"मुझे पांच साल से मधुमेह है। दवा के साथ मैंने सुबह एक घंटे कपालभाति, प्राणायाम, धनुरासन और चक्रासन करना और दो किलोमीटर पैदल चलना शुरू कर दिया है। अब मेरी शुगर पूरी तरह नियंत्रण में है। **– डॉ. शहनाज रहमान**



"बदलती दिनचर्या के चलते योग को अपनाना पड़ेगा। नियमित योगाभ्यास से मधुमेह और मोटापा जैसी बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए नियमित योग करें। **– डा. कुलदीप चौहान**

# योग सेहत और समरसता का बेहतरीन संसाधन : नकवी

### मानवता को शांति के मार्ग पर ले जाने का जबरदस्त तरीका है योग, मानवता की सेहत सलामती के लिए गोल्डन चाबी है योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि योग समाज के सद्भाव, सेहत, सलामती और समरसता का बेहतरीन संसाधन है। योग सभी धर्मों, जातियों और समाज को एक सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मानवता को शांति के मार्ग पर ले जाने का भी योग जबरदस्त तरीका है। योग को किसी धर्म, जाति के संकुचित बंधन में नहीं बांधना चाहिए। यह मानवता की सेहत व सलामती के खजाने की गोल्डन चाबी है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी गुरुवार की शाम रामपुर पहुंचे। कोसी पुल पर कार्यकर्ताओं ने हार, फूल एवं पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया' के संदेश के साथ समाज की सेहत और सलामती के स्वदेशी गिफ्ट हैंपर की आज पूरे दुनिया में धूम है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर अपने आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हजारों साल पुरानी भारतीय धरोहर योग को महर्षि पतंजलि ने जिस उरूज पर चढ़ाने का सपना देखा था उसे नरेंद्र मोदी ने 10 वर्ष में शिखर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणिकता प्रदान की। वह प्रातः पांच बजे रोशन बाग स्थित पार्क में चेतना योग संस्थान द्वारा आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जागेश्वर दयाल दीक्षित, कपिल आर्य, महासिंह राजपूत, राजीव मांगलिक, देवेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा, हरीश गंगवार, महेश मौर्य, दिलीप अरोड़ा, अर्जुन रस्तोगी, टेकचंद गंगवार, अर्जित सक्सेना आदि उपस्थित रहे।



अपने आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्तार अब्बास नकवी।



योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मौजूद युवा। ● अमृत विचार

### योग के इतिहास के बारे में किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में योग सप्ताह के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की जागरूकता पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। इसका आरंभ प्राचार्य नीलम रानी टम्टा एवं डॉयट के वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार ने गया। सेमिनार में जिलेश कुमार एवं संजय कुमार ने योग और योग का महत्व, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का इतिहास एवं महत्व तथा योग दिवस पर कराने वाले आसन-प्राणायाम और उनके लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सेमिनार में दिवाकर यादव, सचिन, रोहित दुबे, राजेश कुमार, रामकृष्ण, डॉ. अनूप कुमार सिंह एवं समस्त प्रवक्ता तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रातः छह बजे से किला मैदान में होगा योग

**रामपुर, अमृत विचार :** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद स्तर का योग कार्यक्रम किला परिसर में होगा। इसमें प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग जसवंत सिंह सैनी और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा भी प्रतिभाग करेंगे। योग कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर से तैयारी पूरी कर ली गई हैं। योग कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को प्रात : छह बजे से होगा।



योगाभ्यास कराते महायोगी डा. राधेश्याम वासंतेय। ● अमृत विचार

### महायोगी डॉ. वासंतेय ने कराया योगाभ्यास


**रामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को पूरे देश में योग दिवस का आयोजन होगा। इसकी कई दिन से तैयारी चल रही हैं। इसी के चलते महायोगी डा. राधेश्याम वासंतेय ने गुरुवार को मंदिर परिसर में आने वाले लोगों को योगाभ्यास कराया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि योग का नियमित अभ्यास करने से करने से सारी बीमारियां दूर हो जाती हैं। इसलिए सभी को रोजाना सुबह को कम से कम 20 मिनट योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।



















ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 5, अंक 87, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड ने जीता 13
अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धिः प्रभास 14


# ईडी की दलीलें दरकिनार कर कोर्ट ने दी केजरीवाल को जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

संकट में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देते हुए एक स्थानीय अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को उन्हें जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने केजरीवाल के जमानत आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का आग्रह भी खारिज कर दिया। ईडी 48 घंटे की रोक के दौरान ऊपरी अदालत जा सकती थी। विशेष न्यायाधीश ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर आम आदमी पार्टी (आप) नेता केजरीवाल को रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने साथ ही आप नेता पर कई शर्तें भी लगायीं जिनमें यह भी शामिल है कि वह जांच को बाधित करने या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।



- ईडी ने कोर्ट से कहा- जमानत बांड पर हस्ताक्षर को 48 घंटे के लिए टाला जा सकता है

### निर्देश पर कोर्ट होना पड़ेगा पेश

कोर्ट ने केजरीवाल को यह भी निर्देश दिया कि जब भी जरूरी होगा, वह अदालत में पेश होंगे। दिन में ईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने अपराध से हुई कथित कमाई और सह आरोपियों के साथ केजरीवाल का संबंध स्थापित करने की कोशिश की, लेकिन बचाव पक्ष ने कहा ईडी के पास सुबूत नहीं हैं।

# जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में नहीं छोड़ेंगे कसर

## प्रधानमंत्री ने तीन हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी, आज डल झील लेक पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर करेंगे योग

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचे। दौरे के पहले दिन श्रीनगर में उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाना और जम्मू कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम क दौरान जम्मू कश्मीर को तीन हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी। शुक्रवार को वह डल झील लेक पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दिनों जम्मू एवं कश्मीर में हुई आतंकवादी घटनाओं का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को देश को आश्वस्त किया कि दुश्मनों को सबक सिखाने में वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार इस पूर्ववर्ती प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू एवं कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है और आज वो यहां का विकास रोकने के लिए आखिरी कोशिश कर रहे हैं। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अब जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरु हो गई हैं। लोकसभा चुनाव में हुए भारी मतदान का उल्लेख करते हुए उनहोंने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। उन्होंने कहा अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है।



युवती का अभिवादन स्वीकार करते मोदी। • एजेंसी

### इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया

मोदी ने कहा अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू एवं कश्मीर की आवाम की, आपलोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। आपने इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया है।

### 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार (जेकेसीआईपी) परियोजना की भी शुरुआत की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मोदी ने कहा कि आज जम्मू एवं कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है।

## एक नजर

### अब आपराधिक बाहरी व्यक्ति नहीं खरीद सकेंगे उत्तराखंड में जमीन

देहरादून : अब आपराधिक बाहरी व्यक्तियों के लिए उत्तराखंड में जमीन खरीदना आसान नहीं होगा। उन्हें जमीन खरीदने के उद्देश्य के साथ ही खुद पर दर्ज आपराधिक मामलों का ब्योरा भी देना होगा। साथ ही राज्य की पुलिस के साथ ही अन्य जांच एजेंसियां भी जमीन खरीदने वाले का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्य सेवक सदन में उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक की। राज्य में रह रहे बाहरी लोगों का सघनता से सत्यापन किया जाए।

### भर्तृहरि महताब लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली। सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को गुरुवार को लोकसभा का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि कटक से भाजपा सांसद महताब को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक पीठासीन अधिकारी के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 95 (1) के तहत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम) नियुक्त किया गया है। 18वीं लोस के नवनिर्वाचित सदस्य अस्थायी अध्यक्ष के समक्ष शपथ लेंगे। रिजीजू ने बताया कि अस्थायी अध्यक्ष की सहायता पीठासीन अधिकारियों का पैनल करेगा महताब लोस चुनाव से पहले बीजू जनता दल छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा।

# बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने किया रद

## सरकार ने एससी, एसटी और ओबीसी, ईबीसी आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65% किया था

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार को तगड़ा झटका देते हुए पटना उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के लिए सरकारी नौकरियों तथा शिक्षण संस्थानों में दिए जाने वाले आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 फीसदी किए जाने के फैसले को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आरक्षण पर आए पटना हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

इन याचिकाओं में नवंबर 2023 में राज्य सरकार द्वारा जाति आधारित गणना के बाद आरक्षण में वृद्धि को लेकर लाए गए कानूनों का विरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकीलों में से एक रितिका रानी ने कहा अदालत ने हमारी याचिका पर मार्च में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संशोधनों (आरक्षण में वृद्धि को लेकर) ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 20 का उल्लंघन किया है। आज अदालत ने हमारी याचिकाएं स्वीकार कर लीं। दरअसल नीतीश कुमार सरकार ने पिछले साल 21 नवंबर को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की सरकारी अधिसूचना जारी की थी। बिहार सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित गणना के अनुसार राज्य की कुल आबादी में ओबीसी और ईबीसी की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी की कुल आबादी 21 प्रतिशत से अधिक है।

### सरकार को झटका

- उपमुख्यमंत्री ने कहा- हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती





### भाजपा आरक्षण विरोधी : तेजस्वी

पटना। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग आहत हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे यह हम लोग शुरू से ही कहते रहे हैं और चुनाव के दौरान भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी हैं।

### ईडब्ल्यूएस के कोटे से आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी

सरकार का मानना है कि आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन केंद्र द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किये जाने के कारण पहले ही हो चुका है। इसलिए राज्य सरकार अपने आरक्षण कानूनों में संशोधन लेकर आई, जिसके तहत दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एवं ईबीसी (आर्थिक रूप से कमजोर) वर्ग के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। ईडब्ल्यूएस के लिए कोटा मिलाकर बिहार में आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी। इसके अलावा बिहार सरकार ने केंद्र से यह भी अनुरोध किया था कि राज्य के आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में रखा जाए ताकि इसको लेकर कोई कानूनी अड़चन न उत्पन्न हो सके।

## नीट काउंसलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

# याचिकाओं पर केंद्र, एनटीए को नोटिस उच्च न्यायालयों में सुनवाई पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 को रद करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट 2024 परीक्षा से संबंधित कुछ लंबित याचिकाओं पर आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए की चार अलग-अलग याचिकाओं पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इनमें उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। जैसे ही पीठ ने एनटीए की याचिकाओं पर नोटिस जारी किए, एजेंसी की ओर से पेश वकील ने आग्रह किया कि उच्च न्यायालय के समक्ष इन मामलों में कार्यवाही रोक दी जाए। पीठ ने कहा नोटिस जारी किया जाता है, जिस पर 8 जुलाई तक जवाब दाखिल करना होगा। इस बीच, उच्च न्यायालयों के समक्ष आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। पीठ ने कई अन्य याचिकाओं पर भी विचार किया, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए उन 20 छात्रों की याचिका भी शामिल है, जो 5 मई को आयोजित परीक्षा रद करने का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने एनटीए और अन्य को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी गुहार लगाई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने स्पष्ट किया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगा रही है।



### सीबीआई ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की

नई दिल्ली। सीबीआई ने यूजीसी-नेट पेपर लीक मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह परीक्षा 18 जून 2024 को दो पालियों में पूरे देश में आयोजित की गयी थी।

### केंद्र के वकील बोले-कोचिंग संस्थान ही याचिकाकर्ता

केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि कई बार कोचिंग संस्थान भी याचिकाकर्ता के रूप में सामने आए हैं। पीठ ने कहा उन्हें आने का अधिकार है। क्योंकि उनका व्यवसाय केवल इन छात्रों से है और यदि आप उनके साथ खेलते हैं और उनके अधिकारों में दखल देते हैं, तो ये कोचिंग संस्थान आएंगे ही।

### याची के वकील बोले- बिहार-गुजरात में मिली अनियमितता

याची के वकील ने पीठ को बताया कि परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में बिहार में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अनियमितताओं के संबंध में बिहार और गुजरात में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और पुलिस से इन मामलों में अपनी जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए। पीठ ने पाया कि मामले में याचिकाकर्ता भी इसी तरह की दलीलें दे रहे हैं।

# 20 हजार करोड़ की धोखाधड़ी में छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआर, मुंबई और नागपुर में ईडी द्वारा की गई छापेमारी
- एमटेक समूह और इसके निदेशकों के खिलाफ की जा रही है छापेमारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को एक कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मुंबई और नागपुर में करीब 35 परिसरों में छापेमारी की।

कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की हेराफेरी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि एमटेक समूह और इसके निदेशकों- अरविंद धाम, गौतम मल्होत्रा और अन्य के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीबीआई द्वारा एमटेक सूमह की एसीआईएल लिमिटेड कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ईडी इस मामले में धनशोधन की जांच कर रही है। सीबीआई की प्राथमिकी में कई सूचीबद्ध कंपनियों पर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की धोखाधड़ी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने भी इस मामले की ईडी से जांच की बात कही है।

ईडी के अनुसार इस धोखाधड़ी से सरकारी खजाने को लगभग 10,000-15,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ईडी का मानना है कि बैंक से ली गई कर्ज राशि को रियल एस्टेट, विदेशी निवेश और नए उद्यमों में लगाया गया। सूत्रों ने बताया कि अधिक ऋण प्राप्त करने के लिए समूह की कंपनियों में फर्जी बिक्री, पूंजीगत संपत्ति, देनदारी और लाभ दिखाया गया ताकि इसे गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का तमगा न मिले।





## मैं राजभवन में मौजूदा पुलिस दल के साथ सुरक्षित नहीं : बोस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के मौजूदा दल की वजह से अपनी सुरक्षा को खतरा होने का अंदेशा है। बोस ने हाल ही में पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश दिया था, जिसके कुछ दिनों बाद यह बयान आया है। हालांकि, पुलिसकर्मी अभी भी राज्यपाल भवन में तैनात हैं। बोस ने कहा मेरे पास कारण हैं, जिनकी वजह से मुझे लगता है कि मौजूदा प्रभारी और उनका दल मेरी निजी सुरक्षा के लिए खतरा है।





## सुपर-8 के पहले मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान को 47 रन से दी मात

ब्रिजटाउन (बारबडोस)। सुपर-8 के अपने पहले मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया। अर्शदीप और जसप्रीत बुमराह ने 3-3 विकेट लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने टीम को संभालते हुए शानदार बल्लेबाजी की। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा हार्दिक पंड्या (32 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 गेंद में 60 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। विराट कोहली (24) और ऋषभ पंत (20) ने भी उपयोगी पारियां खेली। भारत अंतिम छह ओवर में 66 रन जुटाकर भारत ने 181 के स्कोर तक पहुंचाया। अफगानिस्तान की ओर से कप्तान राशिद खान ने 26 जबकि फजलहक फारूकी ने 33 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। जवाब में 134 रन पर आलआउट हो गई।

## पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की चौथी मंजिल से गिरकर मौत

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और कर्नाटक के रणजी खिलाड़ी डेविड जॉनसन की गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। वह 52 वर्ष के थे। पूर्व क्रिकेटर के परिवार में पत्नी और दो बच्चे है। स्थानीय पुलिस ने इस बाबत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है कि कही यह मामला अत्महत्या से जुड़ा तो नहीं। क्रिकेट जगत ने डेविड जॉनसन की मौत पर शोक व्यक्त किया है।



# भारतीयों का धन स्विस बैंकों में 70% घटकर 9,771 करोड़ रुपये

## गिरावट का मुख्य कारण बॉण्ड, प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट

नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी

स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है।

स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से गुरुवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है। यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है।



- आंकड़ों में वह धन नहीं है जो तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर बैंक में रखे गए हैं

### स्विस बैंकों की देनदारियों या बकाया राशियों के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक

एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'बकाया राशियों' के रूप में 103 .98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताए गए हैं। इनमें ग्राहक जमा में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक (2022 के अंत में 39 .4 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 42 .7 करोड़ स्विस फ्रैंक (111 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम), न्यासों या ट्रस्टों के माध्यम से एक करोड़ स्विस फ्रैंक (2 .4 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) और बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के रूप में ग्राहकों को देय अन्य राशियों के रूप में 30 .2 करोड़ स्विस फ्रैंक (189 .6 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) शामिल हैं। एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6 .5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। इसके बाद 2011, 2013, 2017, 2020 और 2021 सहित कुछ वर्षों को छोड़कर यह ज्यादातर नीचे की ओर ही रही है।

# पूर्व विधायक काशीराम सहित छह दोषियों को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

- 12 वर्ष पहले हुए राणा शुगर मिल में लूटपाट और मारपीट के मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा
- अदालत ने प्रत्येक पर एक लाख एक हजार का जुर्माना भी लगाया



अमृत विचारः राणा शुगर मिल में 12 वर्ष पहले हुए मामले में पूर्व विधायक व भाजपा नेता काशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को अदालत ने सात-सात साल की सजा और प्रत्येक पर एक लाख एक हजार का जुर्माना लगाया है।

15 जनवरी 2012 की रात शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल में गन्ना ले जा रहे किसानों का ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया था। उसके बाद अगले दिन कुछ लोगों ने राणा शुगर मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था। हमले में राणा शुगर मिल के कई अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए थे। इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर,भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, भारत, किशनपाल, संजू यादव, मेघराज समेत 39 लोगों को नामजद और 200-250 अज्ञात के खिलाफ मामला चीनी मिल प्रबंधन की ओर से दर्ज कराया गया था। यह प्राथमिकी राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने लिखवाई थी। इसमें आरोपियों पर लूटपाट और मारपीट करने के आरोप लगे थे। पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। बुधवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने इस मामले में पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, सुरेश बाबू गुप्ता, किशनपाल, भारत सिंह, मेघराज, महिला संजू यादव को मारपीट, डकैती, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी करार दिया था।

## एक नजर



शर्बत वितरण करते सपाई।

### रुस्तमपुर में सपा कार्यकर्ताओं ने किया शर्बत वितरण

**शाहबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए गुरुवार को सपा कार्यकर्ताओं ने शर्बत का वितरण किया। उमस भरी गर्मी में शर्बत पीकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। गुरुवार को सपा कार्यकर्ताओं ने शाहबाद के गांव रुस्तमपुर में राहगीरों को रोक कर शर्बत पिलाया। वहीं, सपाइयों के साथ ग्रामीणों ने भी किसानों व राहगीरों को शर्बत पिलाकर पुण्य कमाया। इस अवसर पर युवा सपा नेता यदुवंशी हर्षित यादव, सुधीर यादव (गुड्डू), सोनू यादव, अनुज यादव, संतराम यादव एवं शानू आदि मौजूद रहे।



राहगीरों को शर्बत पिलाते लोग।

### मसवासी में राहगीरों को पिलाया शर्बत

**मसवासी, अमृत विचार :** स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग पर लोगों ने सबील लगाकर गर्मी में राहगीरों को शर्बत का वितरण किया। लोगों ने शर्बत पीकर गर्मी में राहत महसूस की। इस मौके पर विनोद पाल, परशुराम मौर्य, राकेश मौर्य, नन्हे, शिवकुमार दिवाकर, विजयपाल, प्रेमपाल, शांतिलाल, हरकेश, नासिर, निसार, अफाकत अली, राजा आदि मौजूद रहे।

### 25 को होगा कार्यकारिणी का चुनाव

**टांडा, अमृत विचार :** गुरुवार को सनातन धर्म सभा की एक बैठक विश्वनाथ मढ़ी मंदिर परिसर में आयोजित हुई। इसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि 25 जून को सभा की प्रबन्ध कार्यकारिणी का चुनाव महेंद्र सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की देखरेख में होगा। बैठक में रामस्वरूप सैनी, दयाराम, प्रताप सिंह चौहान और अश्वनी वर्मा आदि मौजूद रहे।



महिला को शर्बत देते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

# पुलिस अधीक्षक ने गर्मी में राहगीरों को पिलाया शर्बत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आंबेडकर पार्क के सामने भीषण गर्मी से लोगों को बचाने के लिए पुलिसकर्मियों की ओर से शिविर लगाया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी पहुंचे। इसके बाद वहां से गुजरने वाले महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को रोककर शर्बत बांटा।

इस दौरान एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव के अलावा होमगार्ड कमांडेंट केएस पांडेय, टीआई विजेंद्र सिंह के अलावा काफी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

गुरुवार को व्यापारियों ने जिलाधिकारी को सौंपे गए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में उठाया मुद्दा

# नजूल संपत्तियों के अधिग्रहण से व्यापार पर पड़ेगा विपरीत असर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृव में व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि राज्यपाल ने सात मार्च नजूल की संपत्तियों के अधिग्रहण करने संबंधी अध्यादेश जारी करने से पूरे प्रदेश में व्यापारी, उद्यमी व समाज के अनेक वर्गों के लोगों में रोष है।

ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में 100 वर्ष से अधिक समय से नजूल संपत्तियों का उपयोग समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा व्यापारिक उद्योग के उद्देश्य से किया जा रहा है। व्यापार मंडल इसअध्यादेश का विरोध करता है, क्योंकि यह जनहित में नहीं है। नजूल संपत्तियों के अधिग्रहण करने से एक ओर जहां व्यापार और उद्योग धंधों पर विपरीत असर पड़ेगा, वहीं दूसरी ओर पीढ़ियों से रह रहे लोगों के सामने आवास की समस्या भी पैदा होगी। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के कुछ रिहायशी भूखंड व्यावसायिक गतिविधियों से परिवर्तित हो गए। उन भूखंडों को ततत्कालीन अधिकारियों ने नहीं रोका, लेकिन अब लंबे अंतराल के बाद उन उन्हें सील किया जा रहा है। प्रदेश में ऐसे भूखंड लाखों की संख्या में हैं। इस कार्रवाई से उद्योग और व्यवस्था पर असर पड़ेगा। बेरोजगारी की समस्या भी उत्पन्न होगी। व्यापार मंडल की मांग है कि इस अध्यादेश को अविलंब वापस लिया जाए। पूर्व की भांति अनुकूल संपत्तियों को फ्री होल्ड करने की योजना दोबारा शुरू की जाए।

पड़ोसी राज्य उत्तराखंड, मध्य प्रदेश व राजस्थान में नजूल की संपत्तियों को फ्री होल्ड करने की योजना चल रही है। जब तक यह योजना लागू की जाए तब तक प्रदेश में नजूल की संपत्तियों का प्रयोग करने वाले लोगों के लिए न्यूनतम शुल्क निर्धारित कर उनकी लीज का नवीनीकरण किया जाए। ताकि लोग के मन में भय एवं भविष्य की चिंता समाप्त हो सके। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने जो भूखंड सील किए हैं और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित या प्रचलित है, उन पर फिलहाल रोक लगाई जाए। ऐसे भवनों का कुछ शुल्क निर्धारित कर व्यावसायिक गतिविधियों की मान्यता दी जाए।



गुरुवार को कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

### ज्ञापन देने वालों में यह लोग रहे शामिल

शाहिद शमसी, हारिस शम्सी, हरीश अरोड़ा, प्रदीप खंडेलवाल, जगन्नाथ चावला, मुकेश आर्य, इमरान, सलीम, बिलाल शम्सी, राम गुप्ता, मोहसिन खान, शाकेब अहमद, पुष्कर अग्रवाल, अनिल अरोड़ा, मनीष, जमाल, तौसीफ खान, सुदेश यादव, नजमी खान, मोनिस, जमाल फारूक, सऊद, वाजिद खान, इरफान आदि मौजूद रहे।

# एक करोड़ से सुधरेगी चार सड़कों की हालत

## स्वार, बिलासपुर, चमरौआ और सदर की सड़क की होगी मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद की चार विधानसभाओं की चार सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य एक करोड़ रुपये से किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग में 22 जून को काम कराने के लिए समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। एक सड़क पर लगभग 25 लाख रुपये की लागत आ रही है। निविदा खुलने के बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 23-24 में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधीन विधानसभा स्वार, बिलासपुर, चमरौआ और शहर की सड़क के विभिन्न मार्गों पर नवीनीकरण, मरम्मत और हॉट मिक्स प्लांट कराने के लिए 17 से 22 जून तक निविदाएं निकाली गई। इन सड़कों में काफी गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन सड़कों की हालत सुधारने के लिए ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से कहा। लेकिन अधिकारी आचार संहिता के हटने का इंतजार कर रहे थे। आचार संहिता हटते ही 10 लाख रुपये से चाकू चौक की सड़क की हालत सुधारी गई। इसके बाद चार विधानसभाओं की सड़क की हालत सुधारने को अधिकारियों ने ऑनलाइन निविदा निकालीं। इसके बाद विभाग की ओर से कार्य योजना बनाकर शासन को भेजी जाएगी। काम कराने के लिए धनराशि आवंटित होने पर काम कराए जाएंगे।



शहर विधानसभा की खस्ताहाल सड़क। ● अमृत विचार

### निर्माण खंड की दो सड़कों को अलग से किया शामिल

डायमंड रोड स्थित लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के सहायक अभियंता प्रथम और द्वितीय के क्षेत्र में आने वाली दो सड़कों पर पैच वर्क कराया जाएगा। इसमें 24 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा इस खंड की दो अन्य सड़कों का मजदूरों द्वारा 16 लाख रुपये से नवीनीकरण कराया जाएगा।

### खौद-थूनापुर मार्ग के कार्य में लाएं तेजी

खौद-थूनापुर की साइट पर चल रहे कार्य का अधिशासी अभियंता केवी सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित एई, जेई और ठेकेदार को समयानुसार काम पूरा कराने के निर्देश दिए। मालूम हो कि कार्य कराए जाने के लिए शासन से लोकसभा चुनाव से पहले ही 31 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। खौद से थूनापुर तक की सड़क काफी खस्ताहाल थी।

> चार विधानसभाओं की सड़क का नवीनीकरण कराया जाएगा। इसके लिए 17 से 22 जून तक निविदाएं आंमत्रित की गई हैं। एक सड़क का 25 लाख रुपये का स्टीमेट बनाया गया है। –केवी सिंह
> एक्सईएन, लोक निर्माण विभाग

### डूंगरपुर के मामले में अभियोजन पक्ष से हुई बहस

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में गुरुवार को अभियोजन पक्ष की बहस हुई। मगर बहस पूरी नहीं हो सका। अब इस मामले में एक जुलाई की तारीख नियत की गई है। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर कई मुकदमे 2019 में दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में सपा नेता आजम खां सहित कई आरोपी बनाए गए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी थी।

इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। एक मामले में अभियोजन पक्ष की बहस चल रही है। गुरुवार को भी बहस हुई, जो पूरी नहीं हो सकी। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अब इस मामले में एक जुलाई को सुनवाई होगी।

# इच्छुक कारीगर 30 तक कर सकते हैं आवेदन : मुकेश

- कारीगरों को दिया जाएगा 10 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पारम्परिक कारीगरों बढ़ई, नाई, लोहार, धोबी, राज मिस्त्री, हलवाई एवं दर्जियों को उनके उद्यम के आधार पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभान्वित करने के लिए विभाग को लक्ष्य दिए गए हैं।

योजना में विभिन्न ट्रेडों से संबंधित कारीगरों को 10 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण एवं कार्य के संचालन के लिए आधुनिक तकनीक पर आधारित उन्नत किस्म के टूलकिट दिए जाएंगे। इच्छुक कारीगर 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। योजना आधार प्रमाणीकरण के अनुसार ऑनलाइन मोड में संचालित की जा रही है। यह मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल की महत्वपूर्ण योजनाओं में भी शामिल है। इन ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पात्र हस्तशिल्प कारीगर विभागीय वेबसाइट पर 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता में आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक तथा आवेदक की फोटो होनी चाहिए।

आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आयु की गणना आवेदन करने की तिथि से की जायेगी। आवेदक को बढ़ई, नाई, लोहार, धोबी, राजमिस्त्री, हलवाई एवं दर्जी आदि ट्रेडों अथवा दस्तकारी व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिए। परिवार का केवल एक ही सदस्य योजना में आवेदन के लिए पात्र होगा।

पात्रता के लिए एकमात्र आधार जाति नहीं होगा। इसके अलावा परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत, नगर पालिका व नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्यों द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा। आवेदक को इस आशय का शपथ-पत्र भी देना होगा कि इससे पूर्व उसने किसी योजना में टूलकिट और मानदेय का लाभ नहीं लिया है।

# सरल सेवाएं देने के लिए एसबीआई कटिबद्ध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एसबीआई के महाप्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक अपने ग्राहकों को सुगम और सरल बैंकिंग सेवाएं देने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। हमें समाज के सभी वर्गों को उचित लाभ दिलाने के लिए कार्य की आवश्यकता है।

भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मंडल नेटवर्क प्रथम के महाप्रबंधक अनिल कुमार ने क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैंक द्वारा ग्राहकों को दी जा रही सेवाओं और सुविधाओं की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के तत्वावधान में सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत राजकीय बाल गृह (शिशु सदन) में विभिन्न दैनिक उपयोग एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया। मुख्य शाखा के परिसर में सभा कक्ष एवं ओपन जिम का उद्घाटन किया।

- महाप्रबंधक ने ओपन जिम का किया उद्घाटन

इस अवसर पर मुख्य शाखा परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान का आगाज किया।

इस अवसर पर बरेली अंचल के उप-महाप्रबंधक सुमन बक्शी, क्षेत्रीय प्रबन्धक आलोक चंद्रा, मुख्य प्रबन्धक (अनुपालन) प्रशांत अग्रवाल, मुख्य प्रबन्धक (ऋण) रितेश प्रसाद श्रीवास्तव, मुख्य शाखा के मुख्य प्रबन्धक देवेश कुमार मित्रा और एसबीआई शाखाओं के शाखा प्रबन्धक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि एसबीआई के महाप्रबंधक अनिल कुमार और क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक चंद्रा। ● अमृत विचार

# आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पालिकाकर्मी नाराज

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** पॉलीथिन के विरुद्ध छापेमारी करने गई पालिका की टीम पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी न होने से नाराज कर्मियों ने विरोध जताया। चेयरमैन और ईओ को अपने-अपने प्रार्थना पत्र देकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी।

गुरुवार की शाम नगरपालिका कार्यालय के कर्मचारी स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी रूपेश सक्सेना के नेतृत्व में एकत्र हुए। कुछ देर विरोध प्रदर्शन करने के बाद चेयरमैन चित्रक मित्तल व अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार सिंह को अपने प्रार्थना पत्र सौंपे। इनमें कहा कि डीएम के निर्देश पर टीम सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चला रही है। टीम ने सूचना के आधार पर पांच जून की शाम मोहल्ला शीरी मियां में दरगाह हजरत शीरी बाबा के सामने एक दुकानदार से करीब आठ किलो पॉलीथिन जब्त की थी।

आरोप है कि जब दुकानदार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा रहा था तभी दुकानदार व उसके दो पुत्रों ने टीम पर हमला कर दिया था। आरोप लगाया कि कर्मियों से मारपीट कर रसीदें भी फाड़ दी थी। टीम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि इसके बावजूद दोषियों की गिरफ्तारी न होने से कर्मियों में रोष है। उन्होंने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। इस मौके पर कमल सक्सेना, अनिल सक्सेना, मोहम्मद आरिफ, विजय अनार्य, प्रताप सिंह, हर स्वरूप सक्सेना, गुलफाम मियां, शहाजाइद खां आदि के हस्ताक्षर हैं।



राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के स्टेडियम में गुरुवार को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ● अमृत विचार

# योगाभ्यास से दूर होते हैं कई रोग : रूपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि डा. रूपा अग्रवाल ने बताया कि योग का नियमित अभ्यास कर जीवन में स्वास्थ्य, शक्ति शांति और संतुलन प्राप्त किया जा सकता है। नियमित योगाभ्यास से शरीर के कई रोग दूर हो जाते हैं।

राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के स्टेडियम में एक जून से योगाभ्यास कराया जा रहा है। इसमें सर्वप्रथम अनीता शुक्ला, कमलेश गंगवार, मीनाक्षी रानी, अंतरा यादव ने योग साधकों को प्रार्थना, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासान, भुजंगासन, अर्धहलासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामारी कराया। गुरुवार को प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। योग प्रशिक्षक को मुख्य अतिथि और आयोजन समिति ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

आयोजन सचिव जिलेश कुमार ने अतिथियों व प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। प्रशिक्षण में रामकृष्ण, जुगल किशोर, डॉ. अनूप सिंह, संजय कुमार, राजेश कुमार, डॉयट के प्रवक्ता मनोज कुमार, जीशान खां, डॉ. यासिर खान, सतीश चंद्र, दिव्या, बब्ली सहित फिजिकल कॉलेज के छात्रों एवं बड़ी संख्या में महिलाओं तथा साधकों ने प्रतिभाग किया।

**समीक्षा** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का पक्ष जाना, मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष पेश की जाएगी रिपोर्ट

# लोकसभा चुनाव में हार के कारणों की जांच में जुटे भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह भाजपा कार्यालय पहुंचे और उसके बाद उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का पक्ष जाना। कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में वह उच्च स्तर पर हमारे नेताओं के साथ बैठेंगे और उनके संपूर्ण जानकारी देंगे। लोकसभा स्तर पर विभिन्न पदाधिकारी को लगाया गया है। यह नीचे से रिपोर्ट लाकर प्रदेश स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे।

बजरंग विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर गुरुवार को प्रदेश उपाध्यक्ष समेत पिछड़ा मोर्चा के विधान परिषद के सदस्य राम सिंह प्रधान भी पहुंचे। जहां सभी भाजपाइयों ने स्वागत किया। उसके बाद बैठक पांच चरणों में हुई। हर चरण में अलग-अलग विधानसभा के चुनाव में बने विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक और वहां के जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी और मंडलाध्यक्षों को बुलाया गया। उसमें उपस्थित जनप्रतिनिधि, जिला कमेटी के सदस्य और मंडल अध्यक्ष से लोकसभा चुनाव में हार के कारणों पर चर्चा की गई।

प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि जिन गलतियों की वजह से हमें हार का सामना करना पड़ा है। आने वाले समय में ऐसी समस्याओं को निश्चित ही दूर किया जाएगा। दावा किया कि फिर से विधानसभा के चुनाव में हम भारी जीत हासिल करेंगे। कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निस्तारण निश्चित ही किया जाएगा।

बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं की सुनवाई न होने की वजह से कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटा है।



बैठक में मौजूद भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### बैठक में यह लोग रहे मौजूद

जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, सुरेश गंगवार, मोहन लाल सैनी, अभय गुप्ता, जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, हरीश गंगवार, जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडेय, महेश मौर्य, मोहन कुमार लोधी, अनुज सक्सेना, पंकज लोधी, चित्रक मित्तल, जगपाल यादव, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला मंत्री राजकुमार चौहान, रविंद्र सिकदर, महेंद्र सैनी, लक्ष्मी सैनी, दिलीप अरोड़ा, संजय पाठक, भारत भूषण गुप्ता, सौरभ पल लोधी, शिव शर्मा, रोहतास मौर्य, रवि रोहिल्ला, चेतन मौर्य, दीक्षा गंगवार, पारुल अग्रवाल, सुनीता सैनी, करतार लोधी, मंडल अध्यक्ष विवेक रुहेला, चेतन पार्वती, वीरपाल पाल, कुंवर पाल यादव, महेश चंद्रवंशी, महेंद्र सक्सेना, आशु गुप्ता, कुंवरपाल लोधी, रोहतास सिंह, सुखदेव चीमा, ओम प्रकाश सैनी, शाम मिर्जा, इंद्रजीत यदुवंशी, संजय यादव, टेकचंद गंगवार, मोहित सैनी, हरिबाला यादव आदि मौजूद रहे।

### 10 टीबी रोगियों को वितरित किया गया पोषण आहार

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत सीएमओ कार्यालय में डा. हिमांशु गुप्ता और डा. आरिफ अली सिद्दीकी की ओर से 10 टीबी रोगियों को पोषण आहार वितरित किया गया। इस मौके पर सीएमओ डा. एसपी सिंह ने टीबी के लक्षण बताए। बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी की जांच और उपचार निशुल्क किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह ने कहा कि 2025 तक भारत को समाजिक निगरानी एवं सहभागिता संवर्धन के माध्यम से टीबी से मुक्त करना प्रधानमंत्री का स्वप्न है। इसी के तहत रोगियों को पोषण आहार बांटा गया। इस अवसर पर एसीएमओ डा. सत्यप्रकाश, डा. सत्येंद्र कुमार, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सत्यवीर सिंह, अखलाक, कामरान आदि मौजूद रहे।



बैठक में बोलते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

# लापरवाह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेवाएं समाप्त की जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि जो आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपनी जिम्मेदारियों के प्रति शिथिलता बरत रही हैं अथवा कार्य करने में सक्षम नहीं है, उनकी सेवाएं समाप्त करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय पोषण मिशन की समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारी और सीडीपीओ को निर्देश दिए कि ब्लाक स्तर पर साप्ताहिक बैठक करके आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशा बहुओं के कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने पोषण ट्रेकर ऐप, पुष्टाहार वितरण, हॉट कुक्ड, सैम बच्चों का चिन्हीकरण सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह, नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
NEET (UG) Top Rankers


KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

### आज का मौसम

आसमान में बादल और धूप रहने का अनुमान।

39.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:15

# 12 साल पांच माह छह दिन के बाद मिली सजा

## कोर्ट ने बुधवार को छह आरोपियों को दिया था दोषी करार, एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हुई सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अदालत ने पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर सहित छह दोषियों को 12 साल पांच माह छह दिन के बाद सजा सुना दी गई। उस समय यह मामला चर्चा का विषय बना रहा था। शुगर मिल में हुई मारपीट में कई कर्मचारी और मिल के दो अधिकारी भी घायल हो गए थे। तब इस मामले ने काफी तूल पकड़ा था। इस मामले में 12 साल बाद अदालत का फैसला आ गया है।

शाहबाद स्थित राणा शुगर मिल में किसानों का 15 जनवरी 2012 की रात ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर मिल के कर्मचारियों से विवाद हो गया था। अगले दिन कुछ लोगों ने मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव भी किया था। इसमें शुगर मिल के कई अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए थे। जिसके बाद राणा शुगर मिल में काफी समय तक पुलिस का डेरा रहा था। इतना ही नहीं सुरक्षा के लिहाज से फैक्ट्री के आसपास भी पुलिस और पीएसी को तैनात कर दिया गया था। उस समय पूरे प्रदेश में यह मामला काफी उछला था। इस मामले में शुगर मिल के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर सहित काफी लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए कई वर्ष तक लोगों के बयान दर्ज किए थे। इनमें फैक्ट्री के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल थे।

विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी थी। चार्जशीट कोर्ट में दाखिल होने के बाद इस मामले की सुनवाई लगातार चल रही थी। अदालत बुधवार को छह आरोपियों को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया था। गुरुवार सभी छह दोषियों को सजा का ऐलान कर दिया गया। इस तरह 12 साल पांच माह और छह दिन बाद दोषियों को सजा मिल सकी। कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया है।



आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के लिए जेल से ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

### फैसला सुनते ही मुरझा गए सभी के चेहरे

करीब 12 साल पुराने मामले में सजा सुनाए जाने के बाद पूर्व विधायक कांशीराम समेत सभी दोषियों के चेहरे मुरझा गए। इसके बाद पुलिस उन्हें अभिरक्षा में लेकर जिला कारागार के लिए रवाना हो गई। फैसला सुनाए जाने के दौरान पूर्व विधायक समेत सभी दोषियों के परिवार के लोग मौजूद रहे। सजा के बाद दोषियों के साथ ही उनके परिजनों के चेहरे भी लटक गए।

### कोर्ट ने धारा 412 में संजू यादव पर लगाया 70 हजार रुपये का जुर्माना

राणा शुगर मिल में मारपीट और लूटपाट करने के मामले में छह दोषियों को सात-सात साल की सजा सुनाई। इनमें महिला संजू यादव भी शामिल है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि संजू यादव को धारा 412 में सात साल का कठोर कारावास एवं 70,000 रुपये जुर्माना अतिरिक्त लगाया है। इसके अलावा सभी छह दोषियों को सात-सात साल की सजा और 1.01 लाख रुपये जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है।

### इन धाराओं में सुनाई गई सजा व जुर्माना

अदालत ने सुरेश गुप्ता, काशीराम विधायक, संजू यादव, किशनपाल, भारत सिंह और मेघराज को धारा 395 में सात साल का कठोर कारावास एवं 70,000 रुपये जुर्माना। धारा 427, 504 और 506 में एक-एक साल कारावास एवं 10-10 हजार रुपये जुर्माना। धारा 323 में छह माह का कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है।

- शाहबाद स्थित राणा शुगर मिल में लूटपाट और मारपीट का मामला

### एक नजर

#### खेड़ा टांडा में बाइक में आग लगने से मचा हड़कंप

**सैदनगर, अमृत विचार :** थाना अजीमनगर क्षेत्र के ग्राम खेड़ा टांडा में देर रात बाइक में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही आग से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। बाइक जलने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। बुधवार की रात करीब आठ बजे शहर निवासी अलीम कुरैशी खेड़ा टांडा से अपने घर जा रहे थे। गांव से निकलते ही कुचेटे वाले रास्ते पर उनकी बाइक में आग लग गई। कुछ देर में ही बाइक आग का गोला बन गई। यह देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। कुछ देर में ही बाइक पूरी तरह जल गई।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, स्वार

- दो वर्ष पूर्व हुई थी युवती की शादी ससुराली करते थे प्रताड़ित
- जेठ करता था अश्लील हरकतें, विरोध पर मारपीट कर घर से निकाला

**अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये व बुलेट मोटर साइकिल की मांग पूरी न करने पर दहेज लोभियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। सीओ के आदेश पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला अपनी बेटी की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व कोतवाली के गांव मिलक खौद निवासी सुरेन्द्र के साथ की थी। महिला ने बेटी की शादी में काफी दान-दहेज भी दिया था, लेकिन ससुराल इससे खुश नहीं थे। वह दहेज में पांच लाख रुपये व बुलेट की मांग करने लगे। मांग पूरी करने से मना करने पर उन्होंने युवती को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि पति अप्राकृतिक मैथुन करता था और जेठ अश्लील हरकतें करने लगा। शिकायत पर तीन माह पूर्व मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने सीओ अतुल कुमार पांडेय को तहरीर देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। सीओ के आदेश पर पति सुरेंद्र, सास रूपवती, ससुर रामकिशोर, जेठ रिंकू, नंदोई महेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच कर रही है।

## डीआईजी ने किए कई उप निरीक्षकों के तबादले

**रामपुर, अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने मंडल के कई उपनिरीक्षकों के साथ पुलिसकर्मियों को भी दूसरे जनपद भेजा है। इन पुलिस कर्मियों की जिले में रहने की अवधि पूरी हो चुकी है। इनमें सैफनी के थाना प्रभारी को बिजनौर भेजा गया है। इसके अलावा कई अन्य उपनिरीक्षकों का तबादला मुरादाबाद, अमरोहा और बिजनौर जनपद में किया गया है। साइबर थाना प्रभारी शेरपाल, साधना खरे, पूजा यादव, रोहित यादव, सुभाष चंद यादव व राजेंद्र सिंह को मुरादाबाद जिले में भेजा गया है। जबकि राम सिंह रावत का तबादला अमरोहा जनपद में किया गया है।



पैरामेडिकल स्टॉफ को शपथ दिलाते सीएमएस डा. एचके मित्रा। ● अमृत विचार

# नशीली दवाओं से दूर रहने के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नशीली दवाइयों और ड्रग्स के खिलाफ महा अभियान के तहत जिला अस्पताल के चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ को शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एचके मित्रा ने नशीली दवाओं से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन करने से शरीर की हालत खराब हो जाती है। इसलिए नशे से दूर रहें।

गुरुवार को जिला अस्पताल में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डा. शहजाद हसन खान ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ को तंबाकू उत्पादों से दूर रहने की शपथ दिलाई।

डा. शहजाद हसन ने कहा कि प्रभावित लोगों को प्रभावी इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। आने वाले युवाओं को विशेष तौर पर नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के बारे में जागरूक किया जाएगा।

## युवक की मौत में अज्ञात डंपर चालक पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** शनिवार को साप्ताहिक बाजार करके लौट रहे दों भाइयों की बाइक को डंपर ने टक्कर मार दी थी। इसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे में घयलय छोटे भाई की मुरादाबाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव महूनागर निवासी रामबाबू (23) अपने भाई हुकुम सिंह के साथ शाहबाद की साप्ताहिक बाजार करने आया था। वापस जाते समय शाहबाद-सिरौली मार्ग पर डंपर ने ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने दोनों भाइयों को बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां रामबाबू ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# पुलिस ने ठगी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता, स्वार

- रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठग लिए थे छह लाख रुपये

**अमृत विचार :** रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने गुरुवार को इस मामले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर तहसील क्षेत्र के गांव रजानगर निवासी जुनैद से गांव के ही इकरार, सरफराज, बंटी व कुछ अज्ञात ने छह लाख रुपये ले लिए। आरोपियों ने उसे बरेली रेलवे स्टेशन पर बुलाकर दस्तावेज भी चेक कराए और आई कार्ड भी दिया। जब जुनैद ज्वाइनिंग करने के लिए बरेली रेलवे स्टेशन पर पहुंचा तो स्टेशन मास्टर ने बताया कि न तो यहां नौकरी निकली है और न ही यह आई कार्ड असली है। तब उसे ठगी का एहसास हुआ।

इसके बाद जुनैद घर पहुंचा और ठगों से अपनी रकम वापस करने को कहा। इस पर आरोपियों ने एक लाख रुपये वापस कर दिए।

कुछ दिन बाद जब उसने बकाया रकम मांगी तो आरोपियों ने मना कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर जुनैद को भगा दिया। जुनैद ने तहरीर दी लेकिन पुलिस ने उसे टरका दिया। तब उसने अदालत की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

गुरुवार को पुलिस ने बिलासपुर मार्ग स्थित पीरानी के बाग से उत्तराखंड के देहरादून एमडीडीए इन्द्रापुरम निवासी आसिफ व रजानगर निवासी इकरार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# हाईवे पार कर रहे किसान की हादसे में मौत

संवाददाता, भोट



हादसे के बाद घटना स्थल पर लगी भीड़ को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार

- दो दिन पूर्व रिश्तेदार के घर आया था स्वार थाना क्षेत्र के गांव पुसवाड़ा निवासी राजेन्द्र
- हादसे के बाद कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया चालक

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर पैदल जा रहे किसान की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन जिला चिकित्सालय पहुंच गए। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गए। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।



स्वार कोतवाली क्षेत्र के पुसवाड़ा गांव निवासी राजेंद्र (32) खेती और मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। गुरुवार को वह भोट थाना क्षेत्र के खौदपुरा गांव निवासी रिश्तेदार के घर आया थ। दोपहर में वह रिश्तेदार की पत्थरखेड़ा स्थित दुकान पर गया था। करीब तीन बजे वह हाईवे पार कर पैदल ही अपने घर जा रहा था। नेशनल हाईवे पर पत्थरखेड़ा चौराहे के पास रामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने राजेंद्र को टक्कर मार दी। इससे वह करीब दस मीटर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार छोड़ कर फरार हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर हाईवे पर पेट्रोलिंग कर रही प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने घायल को जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां थोड़ी देर बाद ही उपचार के दौरान राजेन्द्र ने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**आक्रोश** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# खनन के वाहनों को रोक कर दिया धरना



मसवासी में धरने पर बैठे बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** अवैध खनन और ओवरलोडिंग के विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ता खनन लदे वाहनों को रोक कर स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग पर धरने पर बैठ गए और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार सचिन कुमार के आश्वासन पर धरना खत्म हुआ। बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

अवैध खनन और ओवरलोडिंग को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। खनन लदे वाहनों की तेज रफ्तार को लेकर लोगों में गुस्सा है। उनका कहना है कि इन वाहनों से कई घटनाएं हो चुकी हैं। परंतु किसी भी स्तर से इन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। गुरुवार को बजरंग दल कार्यकर्ता स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग पर धरने पर बैठ गए। इससे दोनों ओर जाम लग गया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार सचिन कुमार ने कार्यकर्ताओं को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस-प्रशासन से नो एंट्री का सख्ती से पालन कराने की मांग की।

इसके अलावा मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। धरना देने में बजरंग दल के स्वार प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, रवि मौर्य, गौरव उर्फ विनीत, विक्की, करन, रोहित आदि मौजूद रहे।

## मसवासी में लाइनमैन को लात-घूंसों से पीटा

**मसवासी, अमृत विचार :** कई लोगों ने मिलकर बिजली विभाग के लाइनमैन की लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लाइनमैन की बाइक और मोबाइल भी छीन लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

स्वार कोतवाली क्षेत्र के गांव बूढ़ी दढ़ियाल निवासी शेरा उर्फ शहादत अली मसवासी स्थित बिजलीघर में लाइनमैन है। बुधवार की रात बूंदाबांदी और हवा से टूटे बिजली के तारों को जोड़ने के लिए शेरा महाराजपुर गया था। इस दौरान मौके पर पहुंचे कुछ लोगों की लाइनमैन से कहासुनी हो गई। गुस्साए लोगों ने लाइनमैन की लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। आरोपियों ने उस पर तलवार से वार भी किया। आरोप है कि हमलावरों ने उसकी बाइक और मोबाइल भी छीन लिया। चौकी पहुंचे पीड़ित ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। चौकी प्रभारी राहुल गंगवार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ईंट मारकर पत्नी का सिर फोड़ा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विकास भवन के गेट पर पति ने ईंट से हमला करके महिला का सिर फोड़ दिया। इस दौरान महिला बुरी तरह लहूलुहान हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

गंज थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी नबी हसन अपनी पत्नी चांदनी और बेटे के साथ रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। विकास भवन के गेट के सामने उनके बीच विवाद हो गया। नबी हसन ने पत्नी चांदनी की पिटाई कर दी। विरोध करने पर उसने चांदनी के सिर में ईंट से हमला कर दिया। यह देख बेटा मां को बचाने की गुहार लगाता रहा। मगर नबी हसन ने एक न सुनी। ईंट के हमले से चांदनी का सिर फट गया। इस दौरान उधर से गुजर रहे बाइक सवार युवक नदीम ने चांदनी को बचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गए। मगर पुलिस को आता देख नबी हसन वहां से भाग गया। इसके बाद पुलिस ने घायल चांदनी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि ईंट के हमले से महिला का चेहरा और हाथ बुरी तरह घायल हो गया। उसका मेडिकल कराया गया है।

## जंगल के नाले में दबे मिले गोवंशीय अवशेष

**मिलक, अमृत विचार :** जंगल के नाले में गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को जांच के लिए भेज दिया। गुरुवार को क्षेत्र के तिराह गांव के जंगल में स्थित एक नाली में ग्रामीणों को गोवंशीय पशुओं के अवशेष दिखाई दिए। उन्होंने इसकी सूचना हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा किया। इसकी जानकारी पाकर कोतवाल धनंजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवशेषों को नाली से निकलवाया। इसके बाद अवशेष को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई के आश्वासन के बाद हिन्दू संगठन के पदाधिकारी शांत हुए।

## चोरों ने होटल के ताले तोड़कर हजारों रुपये का सामान चुराया

**रामपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में चोर एक होटल के ताले तोड़कर हजारों का सामान समेटकर ले गए। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

घटना थाना क्षेत्र के कमोरा गांव की है। मिलक कोतवाली निवासी यूनुस का कमोरा स्थित नेशनल हाईवे के किनारे होटल है। बुधवार की रात वह होटल बंद करके घर चला गया। गुरुवार सुबह होटल खोलने आया तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। होटल के ताले टूटे थे। होटल स्वामी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। होटल स्वामी ने पुलिस को तहरीर दी।

होटल स्वामी ने बताया कि चोर इंवर्टर, बैट्री, 20 भगोने, दो सिलेंडर, गुल्लक में रखे 2800 रुपये चुरा कर ले गए। चौकी प्रभारी विष्णु कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### डंपरों की टक्कर में पटवाई के चालक की मौत



पटवाई, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के चंदनपुर गांव निवासी अली बहादुर (30) डंपर चालक था। बुधवार की रात सिरौली रोड पर उसके डंपर की सामने से आ रहे दूसरे डंपर से टक्कर हो गई। इसमें अली बहादुर बुरी तरह घायल हो गया। उपचार के लिए सिरौली अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना के बाद रात में ही परिजन सिरौली पहुंच गए। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद अली बहादुर का शव दफन कर दिया। मृतक के भाई नन्हे ने बताया कि अली बहादुर के तीन बेटे और एक बेटी है।

### पटवाई में दो स्थानों से चोरी

रामपुर, अमृत विचार : पटवाई थाना क्षेत्र के गांव बहपुरा निवासी किशोर के खेत में लगे पंपिंग सेट का चोर पंखा खोलकर ले गए। इसके बाद चोर गांव के ही अरविंद सागर के घेर में बंधी भैस भी चुरा कर ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि रात में आंधी-बारिश आने पर बिजली चली गई। उसी समय चोरों ने दोनों घटनाओं को अंजाम दिया। पीड़ितों ने पुलिस को मामले की सूचना दे दी है।

# आंधी-बारिश से गिरे पोल, शहर में छाया अंधेरा

## गर्मी में बिजली नहीं आने पर लोगों ने जागकर गुजारी रात, बारिश से कुछ देर के लिए मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार देर रात हुई बारिश से एक ओर जहां लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली वहीं दूसरी बिजली नहीं आने से पूरी रात जागकर गुजारी पड़ी। आंधी-बारिश से पनवड़िया स्थित 33केवीए लाइन का पोल गिर गया। शहर के अधिकतर क्षेत्रों में बिजली के तारों पर पेड़ भी गिर गए। इससे कहीं फ्यूज उड़े तो कहीं भूमिगत लाइन में खराबी आ गई।

नगर के अस्तबल, शुतरखाना, जेल रोड, डूंगरपुर, राजद्वारा, अखाड़ा सोहराब खां, नालापार, स्टेट बैंक कॉलोनी क्षेत्र में बिजली सुबह तक ठप रही। रात भर बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर में अंधेरा होने पर बिजली विभाग के अधिकारियों के फोन घनघनाते रहे। अधिकारी आपूर्ति जल्द सुचारू करने का आश्वासन देते रहे। इसके कारण लोगों को रात जागकर गुजारनी पड़ी।



आपूर्ति सुचारु कराने के लिए फोन करते जेई। ● अमृत विचार

तेज आंधी और बारिश की वजह से शुतरखाना, अंगूरी बाग, बंगला आजाद खां, चाह मोटे कल्लन खां क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बारिश रुकने के बाद उपभोक्ताओं ने बिजलीघर का रुख किया तो मालूम हुआ कि पनवड़िया बिजलीघर से आ रही 33केवीए लाइन का पोल गिर गया है। बिजली नहीं आने पर समाजसेवी मामून शाह खां, शाहवेज उर्फ शैजी और अदील मियां ने बिजलीघर के जेई से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि 33केवीए का पोल गिरने की वजह से आपूर्ति बाधित है। इस पर जेई के साथ समाजसेवी भी पनवड़िया बिजलीघर पहुंच गए। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर सैजनी नानकार बिजलीघर से आ रही लाइन को इस बिजलीघर की लाइन से जुड़वाया। बाधित आपूर्ति को सुचारु करने के लिए कर्मचारी पूरी रात जुटे रहे। सुबह साढ़े सात बजे आपूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।



टूटकर गिरा बिजली का पोल।

> आंधी और बारिश से पनवड़िया बिजलीघर की 33केवीए लाइन का पोल गिर गया। उपभोक्ताओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सैजनी नानकार बिजलीघर से कराई। सुबह साढ़े सात बजे आपूर्ति को सुचारु करा दिया।
>
> –इमरान खां
> एक्सईएन प्रथम, नवाबगेट

थाना गंज बिजलीघर के जेई नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि पनवड़िया बिजलीघर से आ रही 33केवीए लाइन का पोल गिर गया था। वैकल्पिक व्यवस्था कराने में समय लग गया। सुबह साढ़े सात बजे आपूर्ति सुचारु हुई।

### बिजली नहीं आने के मैसेज हुए वायरल

शहर के अधिकतर मोहल्लों में विद्युापूर्ति नहीं आने के मैसेज पूरी रात वायरल होते रहे। विद्युापूर्ति नहीं आने पर लोग बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन लगाते रहे। यही हाल राजद्वारा, हामिद स्कूल, शाहबाद गेट, बरेली गेट के क्षेत्रों का भी रहा।

### कचहरी रोड पर हुआ जलभराव

बुधवार देर रात हुई बारिश से कचहरी रोड के दोनों ओर जलभराव हो गया। इससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मालूम हो कि इन दिनों पालिका प्रशासन की ओर से नालों की सफाई कराई जा रही है। देर रात हुई बारिश ने पालिका के अधिकारियों के दावों की पोल खोल दी।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के पदाधिकारी।

# भारतीय विद्यार्थी मोर्चा ने नीट को लेकर जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नीट को लेकर भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के पदाधिकारियों में आक्रोश है। पदाधिकारियों का कहना है कि एनडीए प्राइवेट एजेंसी का कांटेक्ट खत्म करके किसी दूसरी कंपनी के माध्यम से परीक्षा कराए।

गुरुवार को भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव कुमार के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। इसके बाद कलक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि भारत में एनडीए द्वारा कराई गई नीट में लगभग 24 लाख परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। सभी केंद्रों पर गलत प्रश्न पत्र दिए गए। इसकी वजह से परीक्षार्थियों का समय बर्बाद हुआ। उन्होंने राष्ट्रपति से मांग की है कि एनडीए एजेंसी का कांटेक्ट खत्म करके किसी सरकारी एजेंसी द्वारा नीट कराई जाए।

ज्ञापन देने वालों में अमृत सिंह, गौरव कुमार, अमित सिंह, डा. मित्रपाल, रूप सिंह, राजीव आंबेडकर, भीम प्रिय गौतम, राजेश कुमार, दिनेश बाबू, विजय सिंह, डा. पृथ्वी सिंह, रोशनी, प्रमोद कुमार, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।



लोगों को शर्बत बांटते व्यापारी। ● अमृत विचार

# मंडी समिति ने व्यापारियों के सहयोग से बांटा शीतल जल

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए नवीन मंडी में सचिव और व्यापार संघ ने स्टॉल लगाकर मजदूरों व किसानों को शीतल जल व मसालेदार चनों का वितरण किया।

गुरुवार को नवीन मंडी में सचिव सुमेंदु कौशिक ने तराई खाद्य व्यापार संघ के सहयोग से स्टॉल लगाकर मजदूरों व किसानों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाने के लिए शर्बत और मसालेदार चनों का वितरण किया। इस दौरान मंडी सचिव व व्यापार संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि यह स्टॉल वह प्रत्येक वर्ष लगाकर किसान व मजदूरों को गर्मी से बचाने के लिए शर्बत और मसालेदार चनों का वितरण करते हैं। किसान व मजदूर देश का अन्नदाता है। कहा समाज सेवा ही सबसे बड़ा कर्तव्य है।

# फाइनल में दोनों टीमें सुंयक्त विजेता घोषित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि लोगों को इस तरह के टूर्नामेंट कराते रहना चाहिए। ताकि युवाओं को अपना हुनर दिखाने का प्लेटफार्म मिल सके।

केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट ज्वाला क्लब मैदान में बुधवार को फाइनल मुकाबला रात आठ बजे से शुरू हुआ। फाइनल मैच रामपुर क्रिकेट अकादमी और सेवा क्लब टीम के बीच खेला गया। बारिश के कारण दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित कर दिया गया।

सेवा क्लब की टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। रामपुर क्रिकेट अकादमी टीम ने 20 ओवर में 170 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें ऋतुराज शर्मा ने सबसे ज्यादा 30 गेंदों में 45 रन बनाए। पहली इनिंग के खत्म होते ही बारिश होने के कारण दूसरी टीम नहीं खेल सकी। इसके कारण मैच रद्द करना पड़ा। बाद में दोनों टीम को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। मैन आफ दि सिरीज अरशू खान को मिला। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी सिद्धार्थ जैन की रही। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सुहैब सिद्दीकी रहे। सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र रक्षण जयवीर का रहा।



जिलाधिकारी को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

इस अवसर पर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, डॉ. तनवीर अहमद, स्नेह लता राठौड़, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। इस इस दौरान अमित ठाकुर, अभिनाश पटेल, विक्की सक्सेना, विनय शर्मा, संजू शर्मा, शिवम भारद्वाज, पराग मणि वशिष्ठ, सचिन, यशपाल सिंह, हरिओम यादव, उदयवीर, लक्की, नितिन, हर्ष, त्रिभुवन पंडित, ज्वाला आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने लगाया सरकारी धन के गबन का आरोप

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** नादरगंज के ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायतों के जिम्मेदारों की शिकायत की है। आरोप लगाया है कि सीसी रोड का निर्माण करा दिया, लेकिन नाली का निर्माण नहीं करा गया।

आरोप है कि मनरेगा में ग्राम पंचायतों के जिम्मेदारों ने अपने रिश्तेदारों को मजदूर दर्शाकर उनके नाम पर सरकारी पैसा निकाल लिया। जबकि असली मजदूरों को काम ही नहीं दिया जाता है। करीब एक लाख रुपये के गबन का आरोप है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन पर बलवीर, रूप सिंह, वेदप्रकाश, संजय, विनीता, कुसुम, लेखराज, कुंदन, वीरपाल, जनक लाल, मीना देवी, दिनेश, हरिओम आदि के हस्ताक्षर हैं।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### विजिलेंस टीम ने पकड़ी छह किलोवॉट की बिजली चोरी

रामपुर, अमृत विचार : बिजली चोरी रोकने के शहर में कई स्थानों पर विजिलेंस टीम ने छापेमारी की। इस दौरान टीम ने तीन घरों से छह किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी। तीनों उपभोक्ता बिना कनेक्शन के धड़ल्ले से बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए। टीम की कार्रवाई से बिजली चोरों में खलबली मची रही।

अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर गुरुवार को विजिलेंस प्रभारी भरतवीर सिंह, एसडीओ वीरेंद्र यादव और एसडीओ तृतीय संजीव कुमार रवि ने बिजली चोरी की सूचना पर बजरिया खानसामा में छापेमारी की। एसडीओ तृतीय ने बताया कि तीन घरों में बिजली चोरी होने पर चार लाख रुपये जुर्माना डाला गया। घरों में बिना कनेक्शन के ही बिजली चोरी कर रहे थे। बताया कि चोरी पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# चेकिंग के नाम पर हो रहा किसानों का शोषण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू की पंचायत में बिजली-पानी और कृषि विभाग की संचालित योजनाओं में गड़बड़ी का मुद्दा गूंजा। किसानों नेताओं का कहना है कि अधिकांश योजनाओं का लाभ दलाल उठा रहे हैं।

हाईवे किनारे स्थित भारतीय किसान यूनियन के कार्यालय पर गुरुवार की दोपहर किसानों की पंचायत हुई। इसमें प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि किसान बिजली विभाग से सबसे ज्यादा परेशान हैं। नलकूपों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। किसानों को अधिक बिल भेजे जा रहे हैं। सैदनगर क्षेत्र में तो सबसे बुरी स्थिति है। चेकिंग के नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है।

प्रदेश महासचिव ने कहा कि अभी तक नहर और नालों की सफाई नहीं कराई गई। अधिकतर नालों को पाटकर अवैध कब्जा कर लिया है। इस समय फसलों को पानी की जरूरत है। लेकिन किसी भी नहर में पानी नहीं है। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ किसानों की बजाए दलाल उठा रहे हैं। चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों ने इसमें जल्द सुधार नहीं किया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



पंचायत में बोलते भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

- **पंचायत में गूंजा बिजली-पानी और कृषि विभाग की योजनाओं में गड़बड़ी का मुद्दा**
- **नहर और नालों की सफाई तथा नालों पर अवैध कब्जे की बात भी उठाई**

पंचायत में चौधरी राजपाल, नल सिंह यादव, रामऔतार, नरोत्तम, जब्बार, जुबैदआलम, राजेंद्र कुमार, सुबहान अली, रघुवर सिंह, गुलाम मोहम्मद, इसबे अली, रामपाल, जोगिंदर सिंह, फरमान आदि मौजूद रहे।

# करीब 36 गांवों में दो दिन से बिजली ठप, लोग परेशान

संवाददाता, मसवासी

- **अधिकारी बिजली उपकेंद्र से रहते हैं नदारद, लोगों में गुस्सा**

**अमृत विचार :** नगर सहित आसपास करीब तीन दर्जन से भी अधिक गांवों की बिजली दो दिन से ठप है। बुधवार की रात भी बिजली ठप रही। गर्मी में बिजली न मिलने से लोग बिलबिला उठे। बिजली अव्यवस्था को लेकर नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हवा चलने की वजह से दिन के समय अधिकतर बिजली गायब रहती है।

दढ़ियाल से होकर मसवासी आने वाली हाईटेंशन लाइन में गुरुवार को ब्रेकडाउन हो जाने से पूरे दिन आपूर्ति ठप रही। बिजली के अभाव में नगर के मोहल्ला धीमरखेड़ा, चांद मस्जिद, मोती मस्जिद, इस्लामनगर, ईदगाह बस्ती की पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही। अधिकारारियों की लापरवाही की वजह से मसवासी नगर व क्षेत्र की आपूर्ति रामभरोसे रहती है। शिकायत के बाद भी इसमें सुधार नहीं किया जा रहा है। लोगों ने चरमराई बिजली आपूर्ति को लेकर बिजली कर्मियों को जिम्मेदार ठहराते हुए विभागीय अधिकारियों से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष कपिल गुप्ता ने बताया कि उपकेंद्र पर किसी जिम्मेदार अधिकारी के तैनात न रहने से अव्यवस्था बढ़ गई है। दिन के समय बिजली का संकट बरकरार रहने से पेयजल आपूर्ति भी बाधित रहती है। इससे नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# बोर्ड की बैठक में गूंजा जर्जर सड़कों का मुद्दा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक में ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का मुद्दा गूंजा। ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने के बाद जर्जर रास्तों पर भी चर्चा हुई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कहा कि रास्ते ऊबड़-खाबड़ एवं जर्जर हालत में छोड़ दिये हैं। राहगीर ठोकरें खाने को मजबूर हैं। ब्लॉक प्रमुख शाहीन यूसुफ और खंड विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह ने आश्वस्त किया कि समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

गुरुवार को बीडीसी की बैठक ब्लॉक सभागार में हुई। शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख शाहीन यूसुफ ने किया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिकतम लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को पहुंचाना है। विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए। यह कार्य ग्राम पंचायत अधिकारी, प्रधानों और बीडीसी सदस्यों के सहयोग से ही संभव है।



बैठक में ब्लॉक प्रमुख को ज्ञापन सौंपते क्षेत्र पंचायत सदस्य। ● अमृत विचार

ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि बिना भेदभाव के ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जिस तरह सबका साथ-सबका विकास के तहत समस्त वर्गों के लिए कार्य कर रहे हैं, उन्हीं की नीति और मंशा के तहत ब्लॉक में जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। चमरौआ के पूर्व विधायक अली यूसुफ अली ने कहा कि जनपद में स्वार ब्लॉक ही ऐसा ब्लॉक है जहां सरकार की मंशा के अनुरूप सबसे पहले कार्य किए जाते हैं। अधिकतर बीडीसी सदस्यों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गईं सड़कों और गलियों की शिकायत की। बैठक में एडीओ पंचायत सुरेश सिंह, जेई, आरईएस और जेई एमआई समेत अन्य विभागों के अधिकारी, एपीओ इंद्रपाल सिंह, शमशाद पाशा, दासिम पठान, सुभान अली, मलकीत सिंह ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।



नालापार के लोगों से बात करतीं पालिकाध्यक्ष सना मामून। ● अमृत विचार

# पालिकाध्यक्ष ने किया नालों की सफाई का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बरसात से पहले कराई जा रही शहर के नालों की सफाई का पालिकाध्यक्ष सना मामून ने निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई कर्मियों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि नालों की सफाई ऐसी होनी चाहिए कि बारिश में शहरवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

पालिकाध्यक्ष ने गुरुवार को डिग्री कॉलेज, पहाड़ी गेट, बिलासपुर गेट, चीनी मिल, तोपखाना, शाहबाद गेट, नालापार क्षेत्र में चल रही नालों की सफाई का जायजा लिया। इस दौरान कुछ जगह लापरवाही भी मिली। इस पर उन्होंने सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अविनाश कुमार से कार्य में सुधार लाने की नसीहत दी।

नालापार अखाड़ा मल्ली खां के लोगों ने कहा कि यहां का नाला पांच वर्ष में पहली बार साफ हुआ है। उन्होंने नाले की नीचे बनी पुलिया की सफाई कराने की मांग की। पालिकाध्यक्ष ने अविनाश कुमार को पुलिया की सफाई कराने के निर्देश दिए।

**राहत** जनपद के छह विकास खंडों में 680 हैं ग्राम पंचायतें

# 15वें वेतन आयोग से ठीक होंगे 200 हैंडपंप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारियों ने जिले के समस्त ग्राम प्रधानों और सेक्रेट्री को निर्देशित किया है कि अपनी पंचायतों में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप को सप्ताह भर में सही कराएं। सही न कराने की स्थिति में प्रधान और सेक्रेट्री जिम्मेदार होंगे। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जनपद में 200 हैंडपंपों को 15वें वेतन आयोग से दुरुस्त कराया जाएगा।

विकास खंड स्वार की ग्राम पंचायत लाम्बाखेड़ा में हाजी जमील के घर के पास लगा हैंडपंप काफी समय से खराब है। भीषण गर्मी में हैंडपंप के खराब होने से ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। गांव निवासी आसिम अली, मकबूल अहमद, शारिक और रिजवान का कहना है गांव में लगे हैंडपंप सही कराने के लिए प्रधान से कई बार कहा लेकिन उसने इन्हें ठीक नहीं कराया।



गांव लाम्बाखेड़ा में खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपंप। ● अमृत विचार

जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के विकास खंड स्वार में सबसे ज्यादा हैंडपंप हैं। सभी ग्राम पंचायतों में 19,544 हैंडपंप लगे हैं। ग्राम पंचायतों के प्रधान और सेक्रेट्री को निर्देश दिया गया है खराब हैंडपंप को 15वें वेतन आयोग से सप्ताह भर के भीतर सही करा लें।

| ब्लॉक | ग्राम पंचायत | हैंडपंप |
|---|---|---|
| बिलासपुर | 113 | 3719 |
| चमरौआ | 92 | 2796 |
| मिलक | 129 | 3247 |
| सैदनगर | 83 | 2043 |
| शाहबाद | 117 | 3708 |
| स्वार | 146 | 4031 |
| कुल | 680 | 19544 |

> 680 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान व सेक्रेट्री को अपनी-अपनी पंचायतों में लगे हैंडपंप को सप्ताह भर में सही कराने के निर्देश दिए हैं। कार्य में ढिलाई बरतने पर इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।
>
> –जाहिद हुसैन
> जिला पंचायत राज अधिकारी

### महिलाओं से अभद्रता करने का लगाया आरोप

भोट, अमृत विचार : कस्बा निवासी किसान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए विजिलेंस टीम पर घर में घुसकर महिलाओं से अभद्रता कर सोने की चूड़ियां छीनने का आरोप लगाया है। दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कस्बा निवासी नाजिम अली किसान हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत में कहा है कि मंगलवार की सुबह विजिलेंस टीम बिजलीघर में तैनात कर्मचारियों के साथ उनके घर में घुस गई। उनकी पत्नी ने टीम में मौजूद एक पुलिस कर्मी व संविदा कर्मी से घर में घुसने को मना किया तो वह अभद्रता करने लगे। उन्होंने उनकी पत्नी को धमकाते हुए सोने की दो चूड़ियां भी छीन लीं। महिला के शोर मचाने पर परिजनों व पड़ोसियों को आता देख आरोपी झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देते हुए चले गए।



बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार। ● अमृत विचार

# 22 को होगी नगर पालिका की तीन दुकानों की नीलामी

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** गुरुवार को नगर पालिका को हाईवे स्थित पेट्रोल पंप के सामने बनी तीन दुकानों की नीलामी करनी थी। नीलामी से पूर्व 25 लोगों ने जमानत राशि भी जमा कर दी। बोली लगने ही वाली थी कि सभासद विरोध करने लगे। सभासदों ने आरोप लगाया कि दुकानों की नीलामी की सूचना बहुत कम लोगों को है। इसके कारण नीलामी से पालिका को होने वाली आय में कमी आएगी। इसलिए नीलामी की सूचना को दो दिन अतिरिक्त बढ़ाया जाए। पालिका की आय में बढ़ोतरी होने की संभावनाएं बनी रहे। पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने सभासदों की मांग को मानते हुए नीलामी रद्द करने का आदेश दिया। उन्होंने 22 जून को नीलामी करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### 10 लोगों के खिलाफ हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए 10 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। गुरुवार को अमरोहा पुलिस ने 10 लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई की गई वह कई मामलों में वांछित चल रहे हैं। ओमपाल, दलीप उर्फ दिलीप, सलमान, फिरोज, देवेश उर्फ गुड्डू, अनु उर्फ सद्दाम, सलमान, अनस, नसीम व कादिर शामिल हैं।

### नहाते समय युवक राम गंगा पोषक नहर में डूबा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** राम गंगा पोषक नहर में नहाने गया युवक डूब गया। गोताखोर युवक की तलाश में जुटे हैं। गांव लोहडा निवासी ललित (26) पुत्र संतरपाल रामगंगा पोषक नहर में नहाने के लिए गया। नहाते समय युवक नहर में डूब गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलवा लिया। गोताखोरों ने युवक को ढूंढने का प्रयास किया। देर शाम तक गोताखोर युवक को ढूंढने का प्रयास कर रहे थे।

### नगर स्वच्छता समिति के सदस्यों और गणमान्य लोगों को किया गया सम्मानित

# सैदनगली महोत्सव : भजन संध्या में झूमे लोग

संवाददाता, सैदनगली



कर्मचारियों को सम्मानित करते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सैदनगली महोत्सव में हुई भजन संध्या में लोग झूम उठे। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया ने नगर पंचायत की स्वच्छता समिति के सदस्यों व नगर वासियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

सैदनगली में पहली बार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्षा डॉ. अनुकृति चौधरी का एक साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत महोत्सव पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, युवा मोर्चा क्षेत्रिय अध्यक्ष सुखविंद्र सोम, संभल भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र चौधरी (रिंकू), चेयरपर्स अनकृति चौधरी व जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने कार्यक्रम की शुरूआत की। बुधवार रात महोत्सव में पहुंचे लोगों ने भजन संध्या का आनंद लिया। कलाकार राजबाला, निशा जांगड़ा, प्रीति चौधरी, कशिश चौधरी, प्रवेश शर्मा, अजय भढ़ाना और उनकी समस्त टीम उपस्थित रही। भजनों से लोगों का उत्साहवर्धन और मनोरंजन भी किया। लोगों ने मेले का भी आनंद उठाया। कार्यक्रम में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष, संभल भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू, नगर स्वच्छता समिति के सभी सदस्यों, सैदनगली के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया।

महोत्सव 22 जून तक चलेगा। जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने बताया कि इस आयोजन में कई और हस्तियां शामिल होंगी। सैदनगली महोत्सव में विकास प्रदर्शनी, झूले, खान-पान की दुकानें, बच्चों के मनोरंजन के लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी राजेंद्र खड़गवंशी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शुभम चौधरी, सभासद अमित भाटी, कमल वर्मा, प्रबीण वर्मा, शेरपाल गुर्जर, अवनीश शर्मा, प्रदीप गुप्ता, पुनीत गुप्ता, स्कन्द गुप्ता, अशोक पैसल, राजवीर गुर्जर सुतारी वाले, विजयवीर ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# गांधी मूर्ति चौराहे से माल गोदाम तक रेलवे से ओवरब्रिज बनवाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



एसडीएम कार्यालय में पहुंचे आरटीआई एसोसिएशन के पदाधिकारी।

- आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय में सौंपा पत्र

**अमृत विचार :** आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने गांधी मूर्ति चौराहे से रेलवे ओवरब्रिज बनवाने, अमरोहा जोया मार्ग पर पौधरोपण कराने और मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटवाने को लेकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी पंडित मनु शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में पदाधिकारीयों का एक प्रतिनिधिमंडल तहसील सदर स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय में एकत्र हुआ। उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार को संबोधित मांग पत्र एसडीएम कार्यालय में सौंपा। कहा कि वन विभाग की ओर से अमरोहा-जोया मार्ग किनारे पौधरोपण कराया जाए। रेलवे गांधी मूर्ति चौराहे से माल गोदाम व रेलवे लाइन के ऊपर होते हुए सुबोध नगर कॉलोनी और पुष्कर नगर समेत आवासीय घनी आबादी क्षेत्र के लोगों के सुगम आवागमन के लिए ओवरब्रिज का निर्माण कराए। नगर क्षेत्र में अप्रशिक्षित व अयोग्य चिकित्सकों के सहयोग से चलने वाले अपंजीकृत मेडिकल स्टोर, क्लीनिकों, अल्ट्रासाउंड सेंटरों, पैथोलॉजी लैबों पर अंकुश लगाया जाए। कोट चौराहे से लेकर कोतवाली तक मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटवाया जाए। इस दौरान जिला महासचिव चंद्रगुप्त मौर्य, नगर क्षेत्र अध्यक्ष विनोद मौर्य, विकास बाबू एडवोकेट, अजीम, नवाब अली खान, दिनेश सिंह, खुसरो नदीम, आलोक शर्मा, तंजीम जैदी, विनोद खाडेवाल, अखिलेश रहे।

# युवती के मुंह में कपड़ा ठूंसकर पीटा घर से नकदी व जेवर ले गए बदमाश

### गांव नवाबपुरा में हुई घटना, पुलिस ने घटनास्थल पर की जांच

संवाददाता, हसनपुर



घटना के बारे में लोगों से जानकारी लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



युवती का उपचार करते चिकित्सक।

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव नवाबपुरा में बदमाशों ने बुधवार रात घर के बरामदे में सो रही युवती को बंधक बनाकर लूटपाट की। विरोध करने पर युवती को पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद बदमाश 60 हजार रुपये की नकदी औक जेवर लेकर फरार हो गए। सुबह परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

गांव नवाबपुरा निवासी ज्ञानवती पत्नी सुखपाल अपने बच्चों के साथ रहती हैं। वह बोल व सुन नहीं पाती हैं। बुधवार रात ज्ञानवती घेर में सो रही थीं, जबकि उसकी 18 वर्षीय बेटी प्रेमवती घर के बरामदे में सो रही थी। बताया कि रात दो बजे बदमाश घर में घुस आए। उन्होंने प्रेमवती के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और उसे पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद बदमाश नकदी और जेवर लेकर फरार हो गए। सुबह जाग होने पर जब घटना की जानकारी हुई तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और घायल युवती को कोतवाली ले आई। जहां से उसे उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया। घायल युवती के मामा बबलू का कहना है कि बदमाशों ने प्रेमवती के साथ मारपीट कर घर में लूटपाट की। बताया कि दो दिन पहले भूमि को बंटाई पर दिया गया था, तो बंटाई के 60 हजार रुपये भी घर में ही रखे थे। इन रुपये को बदमाश ले गए। बुधवार शाम खेत की भूमि को लेकर प्रेमवती व उसकी ताई का झगड़ा भी हुआ था। फिलहाल पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिहं ने बातया कि चोरी के मामले में तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### परचून की दुकान के ताले तोड़कर नकदी चुराई

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में स्थित परचून की दुकान के ताले तोड़कर 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली गई। दुकानदार ने कोतवाली पहुंचकर चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी ब्रह्मपाल परचून की दुकान चलाते हैं। वह बुधवार शाम अपनी परचून की दुकान बंद करके अपने घर आ गए। घर व दुकान के बीच में रास्ता है। जब वह गुरुवार सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो ताले टूटे पड़े थे। उन्होंने शटर उठा कर देखा तो दराज खुली हुई थी और सामान इधर-उधर पड़ा था। पीड़ित के अनुसार, उसे किसी को उधर के रुपये देने थे, इसलिए दुकान की दराज में 25 हजार रुपये छोड़कर गया था। चोर उन रुपये को ले गए। पीड़ित अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और चोरों के खिलाफ चोरी की तहरीर दी। कोतवाली पुलिस जल्द घटना का खुलासा करने का दावा किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज मिनी स्टेडियम में होगा योग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** योग सप्ताह के छठवें दिन कलेक्ट्रेट परिसर में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। डीएम, सीडीओ ने अन्य अधिकारियों के साथ योग किया। डीएम ने जिले के अन्य नागरिकों से शुक्रवार को योग करने की अपील की।

शुक्रवार को दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। गुरुवार को योग सप्ताह के छठवें दिन कलेक्ट्रेट परिसर में योगाभ्यास हुआ। इसमें डीएम, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, एडीएम सुरेंद्र सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। डीएम ने कहा कि शुक्रवार को सभी नागरिकों अपना अमूल्य समय निकालकर योग करें। रोजाना भी 10 से 15 मिनट तक योग करें। यह मानव जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

योग व्यक्ति को तनाव और शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने के लिए महत्वपूर्ण है। नीतीश कुमार भारद्वाज तथा आयुष विभाग के कर्मचारियों ने योग कराया। मिनी स्टेडियम में होने वाले योग कार्यक्रम में सांसद कंवर सिंह तंवर व आईएएस नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद मुख्य अतिथि होंगे। शहर के मिनी स्टेडियम में सुबह 6 बजे से योग शुरू होगा। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



कलेक्ट्रेट परिसर में योग करते डीएम, एडीएम, सीडीओ व अन्य।

## सार-संक्षेप

### सीओ ने किया थाने का निरीक्षण

**रहरा, अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने गुरुवार को थाने का निरीक्षण किया। महिला हैल्प डेस्क, आगुन्तक कक्ष का निरीक्षण कर प्रतिदिन आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी की। थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, संतरी पहरा, कम्प्यूटर कक्ष, विवेचक कक्ष में व्यवस्थाएं देखीं। मालखाने में शस्त्रों, दंगा नियंत्रण उपकरणों की साफ सफाई व रख रखाव का जायजा लिया। अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी। त्योहार रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत, एसएसआई आदेश पांचाल, उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, नरोत्तम सिंह, पुष्पेंद्र राठी, सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव सतेडा निवासी पप्पू व उसका साथी गढ़मुक्तेश्वर निवासी गोपीचंद गजरौला हाईवे किनारे स्थित एक फैक्ट्री में काम करते हैं। गुरुवार को दोनों बाइक से फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे। जैसे ही नेशनल हाईवे स्थित सीओ कार्यालय के पास पहुंचे तो कार ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने समय के रहते जाम पर काबू पाया और यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### नशे के खिलाफ जागरूक करने की ली शपथ

**अमरोहा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होनें कहा कि युवाओं के बीच नशीली दवाओं का दुरुपयोग बढ़ता जा रहा है। यह चिंता का विषय है। शपथ लेते है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में सहयोग करेंगे। युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करेंगे। डीएम ने कहा कि नशा से दूर रहे और अपने आसपास लोगो को जागरूक करें कि नशा बहुत हानिकारक होता है। इससे बचे, नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है । सभी कार्मिकों से अपील करते हुए कहा कि शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजकीय मिनी स्टेडियम में सुबह 5 :30 बजे योग करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सुरेन्द्र सिंह, जिला आबकारी अधिकारी रहे।

### जिला गन्ना अधिकारी ने किया खेतों का निरीक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला गन्ना अधिकारी मनोज कुमार ने गांव घंसूरपुर में एक किसान के गन्ना के खेत का निरीक्षण किया। गुरुवार को जिला गन्ना अधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्र में जाकर गन्ने की फसल का जायज लिया और किसानों को फसल में लगने वाली बीमारी और कीट के प्रकोप से बचाने के उपाय भी बताएं। उन्होंने किसानों को जानकारी दी। 0238 गन्ना प्रजाति की जगह नई प्रजाति की बोआई पर जोर दिया। गन्ने की फसल में लाल रोग से बचाव के उपाय भी जिला गन्ना अधिकारी ने बताए। इस दौरान अभिराज सिंह, अंकित चौधरी, अमित कुमार, कुलवंत सिंह, ओंकार सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### बिजली के तारों में लगी आग, आपूर्ति बाधित

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के बस्ती मार्ग स्थित पुराने डाकखाने के पास गुरुवार दोपहर बिजली के खंभे पर तारों में फाल्ट होने से आग लग गई। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। आसपास के व्यापारी अपनी दुकानों से निकलकर बाहर सुरक्षित जगह पर पहुंच गए। सूचना के करीब आधे घंटे बाद बिजली घर से शटडाउन लिया गया। आग लगने के बाद चार घंटे तक कई मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति ठप रही। जेई अजय कुमार ने बताया कि तारों में फाल्ट होने की वजह से आग लगी थी। अब तारों ठीक कर बिजली आपूर्ति सुचारू करा दी है।

# सेवायोजन कार्यालय का पोर्टल नहीं कर रहा काम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** प्रदेश शासन के निर्देश पर बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सेवायोजन कार्यालय में नया पोर्टल शुरू किया था। पोर्टल काम नहीं कर रहा है। इससे युवाओं को रोजगार के लिए आवेदन करने में दिक्कत हो रही है।

सेवायोजन कार्यालय के कनिष्ठ लिपिक रामजी मिश्रा ने बताया कि एक मई को शासन ने नया पोर्टल रोजगार के लिए जारी किया था। इस पोर्टल से जिले भर के डिग्री कॉलेज आईटीआई, पॉलिटेक्निक को जोड़ा गया था। छात्र और छात्राएं कॉलेज में ही रहकर पोर्टल पर रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं। लेकिन पोर्टल के डाटा ने ठीक से काम करना शुरू भी नहीं किया। कनिष्ठ लिपिक ने बताया कि जून माह में अब तक 500 बेरोजगार युवकों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि 350 आवेदन कॉलेज के माध्यम से किए गए हैं। जबकि डेढ़ सौ आवेदन कार्यालय के ऑनलाइन पर किए गए हैं।

# 90 लाख रुपये हड़पने में भाजपा नेता पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

## कार्रवाई

- कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई फर्म में पार्टनर बनाकर मुनाफा देने के नाम पर की धोखाधड़ी

**अमृत विचार :** भाजपा नेता ने शहर निवासी ठेकेदार को अपनी फर्म में पार्टनर बनाकर मुनाफा देने का वादा कर 90 लाख रुपये हड़प लिए। आरोप है कि न तो मुनाफा दिया और न ही मूल रकम वापस की। तकादा करने पर जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खनायत व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

दरअसल शहर निवासी बब्बू मंसरी भाजपा नेता व जमीयतुल मंसूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष है। शहर के मोहल्ला चाहमुल्ला आमान निवासी मुर्सलीन अहमद ठेकेदार हैं। कुछ समय पहले मुर्सलीन की मुलाकात बब्बू मंसूरी से हुई थी। बब्बू उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम कानपुर में पंजीकृत ठेकेदार है। आरोप है कि बब्बू ने टेंडर डालने के लिए मुर्सलीन अहमद के सामने अपनी फर्म में पार्टनर बनने का प्रस्ताव रखा। बताया कि उन्हें चार जिलों के कलेक्ट्रेट व तहसील कार्यालय में निविदा पर कर्मियों को रखने का काम मिल रहा है। इसका टेंडर डालने के लिए रुपयों की जरूरत है। 60 से 70 लाख रुपये देने पर 30 प्रतिशत मुनाफा देने की बात कही। मुर्सलीन अहमद ने 16 अप्रैल 2018 से 22 जनवरी 2021 तक बब्बू मंसूरी को 80 लाख रुपये दे दिए। 10 लाख 50 हजार रुपये नकद भी दिए। कुछ दिन बाद बब्बू मंसूरी ने कुल रकम में से सात लाख रुपये मुनाफा दिया। इसके बाद न तो मूल रकम वापस की और न ही मुनाफा दिया। तकादा करने पर बब्बू मंसूरी ने रुपये लौटने से इनकार कर दिया। 19 जुलाई 2023 को मुर्सलीन अहमद ने उनके कार्यालय जाकर रुपये मांगे तो गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर महमूद हसन उर्फ बब्बू मंसूरी के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानात व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## समस्या

### गुरेठा खादर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर पत्थर और बजरी डालकर भूला लोक निर्माण विभाग

# सड़क निर्माण अधर में, चोटिल हो रहे लोग

संवाददाता, रहरा




क्षतिग्रस्त सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में अलीगढ़-हसनपुर हाईवे पर एक गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण अधर में है। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव गुरेठा खादर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग हसनपुर-अलीगढ़ हाईवे से मिलता है। यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है। यह सड़क कई वर्षों से टूटी पड़ी है, इसकी लंबाई लगभग 600 मीटर है। सड़क पर 6 माह पहले बजरी एवं पत्थर डाला गया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग भूल गया कि यह सड़क तैयार भी करनी है। अब उस सड़क पर चलने वाले ग्रामीण परेशान है। बाइक सवार गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। यह सड़क मुबारिजपुर, दढ़ियाल, हरि बाबा बांध, देहरी खादर आदि गांवों को होकर गुजरती है। गुरेठा खादर गांव में सरकारी सहकारी समिति का गोदाम भी है। जिसमें किसानों को खाद बीज मिलता है। किसान मजबूरी में टूटी हुई सड़क पर निकलकर खाद बीज लेकर जाते हैं।

कई किसान इस सड़क पर गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। इस सड़क पर बजरी पड़ी होने के कारण दुपहिया वाहन वालों को गिरने का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने इस सड़क को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।



जब सड़क पर पत्थर डालने का कार्य शुरू हुआ था तो बड़ी खुशी हुई थी। अब इस टूटी हुई सड़क से निजात मिल जाएगी। लेकिन यह नहीं पता था कि पीडब्ल्यूडी इस कार्य को आधार में ही छोड़ देगा। -विजय शर्मा



काफी परेशानी झेलने के बाद इस सड़क पर कार्य शुरू हुआ था। लेकिन कार्य अधर में ही लटक जाने से अब उम्मीद नहीं रही। इससे दिक्कत और बढ़ गई। पत्थरों पर चलने से गिरने का खतरा बना रहता है। -तेजपाल सिंह



कई वर्षों से सड़क टूटी पड़ी थी। गांव वालों ने बहुत बार शिकायत की तब जाकर कार्य शुरू हुआ। लेकिन कार्य बीच में ही रूक गया। इस सड़क पर चलने वाले बाइक सवार आए दिन गिरकर चोटिल होते हैं। -समसुद्दीन



सड़क पर जब मरम्मत कार्य शुरू हुआ था तब बड़ी खुशी हुई थी कि अब जल्दी ही इस क्षतिग्रस्त मार्ग से राहत मिलेगी। जल्द ही हाईवे पर पहुंच जाया करेंगे। लेकिन विभाग ने कार्य बीच में ही बंद कर दिया। अब पता नहीं कब जाकर यह कार्य शुरू होगा। -जबर सिंह ग्रामीण

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से घायल मजदूर की मौत

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव डोंडी निवासी प्रसादी 40 वर्ष लोधीपुर में स्थित कंपनी में काम करते था। मंगलवार की देर रात आठ बजे प्रसादी खाना लेने के लिए पास की होटल पर गया था। खाना लेकर जैसे ही प्रसादी कंपनी के गेट पर पहुंचा। गजरौला मार्ग पर मुरादाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने प्रसादी को टक्कर मार दी। पहले घायल को मुरादाबाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार की दोपहर में उपचार के दौरान प्रसादी की मौत हो गई।

### सांड़ ने मजदूर पर किया हमला, घायल

बबराला, अमृत विचार : बीती रात घर के बाहर सो रहे मजदूर की चारपाई सांड़ ने सींगों में फंसा कर पलट दी। जिससे वह घायल हो गया। नगर के वार्ड नंबर दो कल्लू नगला निवासी लीलाधर पल्लेदार बुधवार की रात अपने घर के आगे चारपाई पर सो रहा था। आधी रात के वक्त अचानक सांड़ ने चारपाई सींगों से उठाकर पलट दी। लीलाधर ने भाग कर जान बचाई।

### केंद्र सरकार ने धान, बाजरा, मक्का समेत 14 फसलों का बढ़ाया एमएसपी

# धान का एमएसपी बढ़ाने से कुछ नहीं होगा, गारंटी कानून हो लागू

- भाकियू नेता बोले-एमएसपी चाहें चार गुना हो जाए लेकिन मिलेगा नहीं
- केंद्र सरकार को एमएसपी गारंटी कानून लागू करना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में धान समेत 14 फसलों का एमएसपी बढ़ा दिया गया। इनमें धान, बाजरा, मक्का, तिल और कपास आदि हैं। भले ही नई घोषणा के अनुसार, खरीफ सीजन 2024-25 के लिए धान के लिए एमएसपी 117 रुपये बढ़ाकर 2300 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया और ग्रेड ए के लिए यह 2320 रुपये प्रति कुंतल होगा। फिर भी किसान नेता और किसान इस बढ़े हुए एमएसपी से संतुष्ट नहीं दिखाई दे रहे। अमृत विचार ने क्षेत्र के किसान नेताओं से बातचीत की तो बेबाक होकर अपनी बात रखी। कहा कि बढ़े हुए एमएसपी से किसानों को कोई फायदा नहीं होने वाला। जिस एमएसपी गारंटी कानून की मांग की जा रही है, उस पर कुछ नहीं हुआ। सरकार को गारंटी कानून लागू करना चाहिए। जिसके बाद ही किसानों को फसल बेचने पर मुनाफा होगा।



"सरकार ने जो धान का एमएसपी बढ़ाया है वह नाकाफी है। धान की पैदावार में लागत ज्यादा आती है। इसलिए धान का भाव 2500 रुपये प्रति कुंतल होना चाहिए। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि किसान के धान की खरीद हो जाए।"
–चौधरी महिदेव सिंह, तहसील अध्यक्ष भाकियू टिकैत



"धान का एमएसपी बढ़ाने से कोई राहत नहीं मिलने वाली। यह चार गुना भी बढ़ा दिया जाए लेकिन किसानों को नहीं मिलेगा। यहां मांग यह है कि सरकार को एमएसपी गारंटी कानून लागू करना चाहिए। जिसके बाद ही किसानों को राहत मिल सकेगी।"
–राजपाल सिंह यादव, जिलाध्यक्ष भाकियू असली

### मां-बेटे ने महिला के हड़पे जेवर, कराया दूसरा निकाह

गुन्नौर, अमृत विचार : विवाहित महिला को बहला फुसला कर दूसरा निकाह कराने का मामला सामने आया है। पड़ोसी मां-बेटे घनिष्ठता बढ़ा कर विवाहिता को दूसरी महिला के घर ले गए। वहां दूसरे व्यक्ति से निकाह करा दिया। इतना ही नहीं, महिला के जेवर और नकदी भी हड़प लिए। महिला ने पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप भी लगाया है। कस्बे में सरकारी क्वार्टर में रहने वाली एक महिला ने थाने में तहरीर देकर पड़ोसी युवक और उसकी मां पर आरोप लगाया है। कहा है कि वह युवक अपनी मौसी के घर धामपुर ले गए। साथ में युवक की मां भी थी। वहां युवक ने महिला को कमरे में बंद कर अश्लील छेड़छाड़ की। विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी तो वह चुप हो गई। इसके बाद युवक और उसकी मां ने महिला के कान की बालियां, पाजेब व बीस हजार नकदी कब्जे में ले ली और उसका निकाह किसी व्यक्ति से करा कर लौट आए। बीते दिनों महिला मौका पाकर धामपुर से भाग आई थी।

# किसानों को अनुदान पर मिलेगा बीज

**सुविधा**
- चयन प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा
- जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध है बीज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2024-25 के अंतर्गत नवीन उद्यान रोपण व संकर शाकभाजी के तहत किसानों को अनुदान पर बीज मिलेगा। जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय वीनस शुगर मिल के सामने मझावली पर बीज उपलब्ध हो गया है। किसानों का चयन प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा।

जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय को नवीन उद्यान रोपण कार्यक्रम में अमरुद बाग रोपण में 20 हैक्टेयर, आम रोपण व केला रोपण में 5-5 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अमरुद प्रथम वर्ष में 11502 रुपये प्रति हैक्टेयर, द्वितीय वर्ष में 3834 रुपये प्रति हेक्टेयर व तृतीय वर्ष में 3834 हेक्टेयर अनुदान देय है। इसी प्रकार आम रोपण प्रथम वर्ष में 7650 रुपये प्रति हेक्टेयर, द्वितीय वर्ष में 2550 रुपये प्रति हेक्टेयर व तृतीय वर्ष में 2550 हेक्टेयर अनुदान देय है। केला रोपण रुपये प्रथम वर्ष में 30738 रुपये, द्वितीय वर्ष अनुरक्षण में 10247 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान डीबीटी/काइन्ड डीबीटी के माध्यम से देय है। संकर शाकभाजी कार्यक्रम में शिमला मिर्च 10 हेक्टेयर, टमाटर 20 हेक्टेयर, पातगोभी 25 हेक्टेयर, फूलगोभी 20 हेक्टेयर, कद्दू 50 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके अंतर्गत निवेश के रुप में निर्धारित मात्रा के अनुरुप लाभार्थी कृषक को संकर बीज व प्लास्टिक केट्स का क्रय शासन की ओर से निर्धारित संस्था से प्राप्त कर वितरित किया जाएगा। इसी प्रकार मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम में मिर्च 20 हेक्टेयर, प्याज 110 हेक्टेयर, लहसुन 15 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्याज हेतु 110 हेक्टेयर के प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष 50 हेक्टेयर लक्ष्य खरीफ सीजन तथा 60 हेक्टेयर लक्ष्य रबी सीजन के लिए प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में पुष्प क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम में गेंदा 5 हैक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

पुष्प विस्तार में लघु सीमांत किसानों को 16000 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान देय है। ये जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह ने बताया कि प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किसानों का चयन किया जाएगा। पंजीकरण के लिए किसान अपनी खतौनी, बैंक पासबुक, आधार कार्ड की छायाप्रति, दो फोटो एवं मोबाइल नंबर के साथ कार्यालय में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक आकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।

# आंधी-बारिश से गड़बड़ाई जिले की बिजली आपूर्ति

## कहीं टूटे तार तो कहीं उड़े जंपर, कई बिजलीघर हो गए ठप, पेट्रोलिंग कराकर घंटों बाद सुचारु की आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जिले में बुधवार को देर रात आई आंधी बारिश से लोगों को राहत तो मिली लेकिन शहर से लेकर देहात तक बिजली संकट भी गहरा गया। कहीं पेड़ टूटकर लाइन पर गिरे तो कहीं पोल टूटने की बात सामने आई। लाइन टूटने और जंपर उड़ जाने के कारण भी कई बिजलीघर ठप हो गए। बिजली आपूर्ति बहाल करने में विभाग को पसीना आ गया। पेट्रोलिंग करके लाइनों को दुरुस्त किया गया, तब जाकर घंटों बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।

भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने पर बिजली विभाग हलकान रहा तो बुधवार को देर रात मौसम का मिजाज बदल जाने के कारण भी परेशान हुआ। तेज आंधी और बारिश के दौरान कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बात शहरी क्षेत्र की करें तो फाल्ट होने की वजह से रायसत्ती बिजलीघर और एसडीएम कोर्ट की बिजली आपूर्ति बाधित हुई। जंपर उड़ने के कारण रुकनुद्दीन सराय बिजलीघर बंद हो गया। हयातनगर और चौधरी सराय बिजलीघर के कुछ फीडर भी बंद हुए। जिसके चलते हजारों घरों में अंधेरा छा गया। बिजली विभाग ने पेट्रोलिंग कराई तो फाल्ट की जानकारी हो सकी। घंटों की मशक्कत के बाद गुरुवार को सुबह बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र में टांडा कोठी और ऐंचौड़ा कम्बोह बिजलीघर भी बंद हो गए। तड़के करीब चार बजे के बाद से बिजली आपूर्ति बाधित हुई तो उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टांडा कोठी बिजलीघर क्षेत्र में पेड़ और पोल टूटने के कारण बिजली बाधित हुई। विभाग ने पेट्रोलिंग कराकर फाल्ट दूर किए, तब कहीं जाकर गुरुवार को सुबह साढ़े सात बजे बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी फाल्ट के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई। जिस कारण उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### बिजली नहीं मिलने से फसलों की सिंचाई प्रभावित

संभल, अमृत विचार : तेज हवा चलने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में पिछले सप्ताह भर से बिजली संकट गहराया हुआ है। खासकर नलकूपों को बिजली आपूर्ति में समस्या आ रही है। जिसके चलते गन्ना, मक्का और बाजरा फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। तमाम किसानों ने धान की बुआई कर दी है तो सिंचाई को लेकर परेशान हैं। जबकि तमाम किसान पानी के अभाव में धान की बुआई नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे हालात में किसान बिजली विभाग के अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की मांग उठा रहे हैं।

### जुनावई क्षेत्र में भी गहराया बिजली संकट

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई क्षेत्र में बुधवार को रात तेज हवा और बारिश के कारण चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। विभाग के अवर अभियंता सोरन सिंह ने बताया कि बुधवार रात को 33 हजार की लाइन की भी दो घंटे बिजली बाधित रही। यह सप्लाई इसलिए बंद की जाती है कि देख लिया जाए कि कहीं लाइन में फाल्ट तो नहीं है। वहीं बदायूं के जरीफनगर बिजली घर से जुनावई क्षेत्र के 54 गांव जुड़े हुए हैं जबकि जुनावई बिजली घर से 65 गांव जुड़े हैं। जिनमें से कुछ फीडरों की बिजली सुचारू कर दी गई लेकिन कुछ ही बाद में हो सकी।

### मॉर्निंग रेड में छह बिजली चोरी करते मिले, रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने टीम के साथ गुरुवार को सुबह हयातनगर में बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान चलाया। उस वक्त लोग सो कर भी नहीं उठे। विभाग ने बिजली चोरी करने वालों को चिन्हित कर लिया। एसडीओ तृतीय ने बताया कि चार लोग डायरेक्ट बिजली चोरी कर रहे थे। दो लोगों के कनेक्शन पूर्व में बकाया होने पर काटे गए थे। फिर से बिजली का इस्तेमाल करते मिले। छह लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### रात में गुल रही मौलागढ़ फीडर की बिजली

चन्दौसी, अमृत विचार : बुधवार की रात तेज हवा के साथ छिटपुट बारिश होने पर मौलागढ़ फीडर की बिजली गुल रही। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रात तीन बजे आपूर्ति सुचारू होने पर राहत महसूस की। बिजली गुल होने का कारण हाईटेंशन लाइन से पेड़ की टहनी का टकराना बताया गया है। बुधवार की रात नौ बजे तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई थी। जिसके बाद मौलागढ़ फीडर की बिजली गुल हो गई। दो से तीन घंटे के बाद घरों में इनवर्टर भी जवाब दे गए।

### बारिश से राहत, लेकिन फिर पसीना- पसीना

संभल, अमृत विचार : प्रचंड गर्मी के बीच बुधवार को देर रात रिमझिम बारिश और तेज हवा चलने से मौसम का मिजाज बदला। रातभर लोगों ने राहत महसूस की तो गुरुवार को भी शुरुआत के कई घंटे सुकून से बीते। दोपहर में पारा 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तो लोग पसीना-पसीना हो गए। हालांकि बीते दिनों के जैसे भीषण गर्मी के हालात नहीं रहे। जून में गर्मी ने तेवर दिखाए तो मानव व पशु-पक्षी हलकान हो गए। पारा 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के कारण पंखे, कूलर फेल हो गई। लोग ईशवर से राहत की प्रार्थना कर रहे थे। इस बीच बुधवार को देर रात अचानक तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश हुई। उस वक्त लोग बाजारों में थे। लोगों ने बारिश का आनंद लेने हुए गंतव्य का रुख किया। बारिश रुक गई लेकिन ठंडी हवा चलती रही। कुछ घंटों बाद फिर से रिमझिम बारिश होने पर मौसम सुहाना हो गया। रातभर लोग सुकून से सोए। गुरुवार को सुबह भी आसमान में काले बादल छाये रहे तो लोगों के चेहरे खिले नजर आए।

## सार संक्षेप

### नकदी व नलकूप का सामान लूटने का आरोप

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में फसल की सिंचाई कर रहे किसान ने पुलिस को तहरीर देकर नकदी, कलाई घड़ी, नलकूप व खेती बाड़ी सहित अन्य सामान तमंचे के बल पर लूटने का आरोप लगाया है। ऊष्मा सराय निवासी संतोष ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि शाम साढ़े चार बजे साझेदारी के नलकूप से फसल की सिंचाई कर रहा था। साथ में मुहल्ला के ही सुभाष व सर्वेश भी खेत पर संतोष के साथ थे। आरोप है कि मुहल्ला देहली दरवाजा निवासी तीन लोग अपने तीन अन्य साथियों के साथ तमंचे लेकर खेत पर लूट के इरादे से आ गए और नलकूप का सामान चोरी करने लगे। संतोष ने विरोध किया को गाली गलौज करते हुए सभी लोग तमंचे से मारपीट करने लगे। बचाने पहुंचे सुभाष व सर्वेश के साथ भी मारपीट की। कहा कि तमंचा दिखाते हुए संतोष की जेब में रखी 9200 रुपये व कलाई घड़ी छीन ली।

### फाल्ट से सीसीटीवी का डीवीआर व अन्य सामान जला

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी चौधरी सराय में बुधवार की देर रात बिजली के पोल से चौकी में जा रहे बिजली के केबिल में अचानक से फाल्ट हो गया। फाल्ट होने से तेज धमाके के साथ बिजली के बोर्ड, सीसीटीवी, पंखा सहित अन्य सामान में आग लग गई। बिजलीघर में फोन कर बिजली की आपूर्ति को बंद कराकर पुलिस कर्मियों ने पानी डालकर आग को बुझाया। लेकिन तब तक चौकी में लगे सीसीटीवी, डीवीआर, एलईडी टीवी, पीए सिस्टम व पंखे सहित अन्य सामान जलकर खराब हो गया।

### जमीन के विवाद में मारपीट, बहनोई व तीन भांजी घायल

संभल, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनैटा निवासी मोहम्मद अखलाक का हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मुकर्ररपुर निवासी अल्लाह दिया से दो वर्ष पहले खरीदी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आपसी सहमति से जमीन विवाद नहीं निपटा तो मोहम्मद अखलाक गुरुवार को अपने फुफेरे बहनोई गांव मुकर्ररपुर निवासी साबिर को साथ लेकर थाने आ गया। यहां पुलिस ने बातचीत कर दोनों पक्षों को आमने सामने बैठाकर मामले को निपटा दिया। आरोप है कि थाने से घर पहुंचने के बाद अल्लाह दिया अपने तीन बेटों को साथ लेकर साबिर के घर में घुस आया और लात घूसों से मारपीट करते हुए साबिर व उसकी तीन बेटी फिजा, हुमा व नीलोफर को घायल कर दिया।

### पत्नी को मारपीट कर दिया तलाक, पति सहित दो गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी के मुहल्ला आबाद वाली चौराहे के पास से दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर तलाक देने के आरोप में महिला के पति व देवर को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि दुष्कर्म की कार्रवाई से बचने के लिए युवक ने पंचायत में दस माह पहले निकाह किया था। थाना क्षेत्र के गांव फूलसिंघा निवासी जमशेद व उसके भाई उवैद के खिलाफ उसकी पत्नी यासमीन ने 13 मई को थाने में तहरीर देकर दहेज की मांग पूरी न होने पर तलाक देकर घर से निकालने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी से जमशेद व उवैद पुलिस से बचने के इधर उधर छिपते फिर रहे थे। गुरुवार को सूचना मिलने पर पुलिस आबाद वाली चौराहे के पास पहुंची और यहां खड़े जमशेद व उवैद को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि सितंबर माह में बहला-फुसलाकर भगाकर पुत्री यासमीन के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में उसके पिता ने जमशेद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कार्रवाई से बचने के लिए पंचायत में जमशेद ने यासमीन से निकाह कर लिया था।

### महिला से दुष्कर्म का प्रयास, पति को किया घायल

संभल, अमृत विचार : बहजोई थाना क्षेत्र में पंवासा पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार दोपहर को एक युवक घर घुस आया और वहां मौजूद महिला को दबोच कर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो युवक धमकाकर भाग गया। आरोप है कि पत्नी की शिकायत पर पति ने युवक को रोककर पूछताछ की तो उसने पत्थर मारकर महिला के पति को घायल कर दिया। इस मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है। हालांकि कोतवाल सतेंद्र पंवार का कहना है कि आपसी विवाद में मारपीट का मामला है।



चन्दौसी के रघुनाथ आश्रम में योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

# योगाभ्यास के दौरान बीमारियों के उपचार के बारे में बताया

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी एवं योगा क्लब की ओर से संयुक्त रूप से गुरुवार को सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम के गीता सत्संग भवन में तीन दिवसीय योग शिविर का आरंभ किया गया। योग गुरु हरिओम वैद्य ने प्राणायाम एवं अन्य आसन के माध्यम से गंभीर बीमारी के उपचार के विषय में बताया। उपस्थित लोगों को प्राणायाम एवं योग का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षक सुशील कुमार ने भ्रामरी का महत्व समझाया। शिविर में संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों समेत नागरिकों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। इस अवसर पर हरिशंकर सेठ, उमेश अग्रवाल, गौरव वार्ष्णेय, बाबूराम, गिरिराज गुप्ता, राकेश कुमार, कमल कुमार, सुभाष भोलेनाथ, साधना श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, अशोक कुमार, गोपाल सिंह, डॉ. जयशंकर दुबे आदि रहे।

### नारा दिया-रोज करो योग हमेशा रहोगे निरोग

बहजोई, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप आफ महिला जागृति के तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय योग शिविर के छठे दिन महिलाओं को प्रशिक्षक ने योग से निरोग रहने के तरीके बताए। मंडी समिति स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रहे सात दिवसीय योग शिविर के छठे दिन योग प्रशिक्षक अर्चना मित्तल ने शिविर में ताड़ासन, प्रयाणाम, कपालभाति, अनु विलोम जैसे आसान कराकर योग का अभ्यास कराया। महिलाओं ने योग की क्रिया सीखकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष डोली वार्ष्णेय ने सभी महिलाओं से कहा कि हमें अगर निरोग रहना है तो योग जरूर करना है। इससे बहुत सी बीमारियों को ठीक करने में फायदा मिलता है। इस दौरान सचिव आशा वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष किरण शर्मा, गीता रस्तोगी, दर्शन डीआर, दीपिका, रेनू वार्ष्णेय, यूनिट डायरेक्टर मीनू कमल वार्ष्णेय, मंजू, दिव्या, सुमन रस्तोगी सहित आदि मौजूद रहे।

# योग साधकों को कैंसर से बचाव की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग परिवार एवं नगर पालिका परिषद संभल के तत्वावधान में चल रहे योग शिविर के छठे दिन कैंसर और त्वचा संबंधी समस्याओं में लाभकारी योगासन कराए गए। साधकों ने उत्साहपूर्वक योगासन किए।

नगर के शंकर इंटर कॉलेज परिसर में चल रहे योग शिविर का शुभारंभ राज्य कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप ऐरन, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्णा ग्रेवाल, युवा भारत तहसील प्रभारी राहुल वर्मा, इंदल सिंह, प्रदीप आर्य, गुलशन रेवड़ी, सीमा आर्य, बबली आर्य, साधना पूठिया, अनीता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मुख्य योग शिक्षक कुलदीप ऐरन, कृष्णा ग्रेवाल, संजय देवल ने संयुक्त रूप से योग साधकों को योगाभ्यास कराया। कैंसर व त्वचा संबंधित समस्याओं में लाभकारी योगासनों की जानकारी दी। यह भी बताया कि लोगों को किन चीजों का सेवन करना चाहिए। कैंसर और त्वचा रोग में लाभकारी काढ़े की व्यवस्था की गई। कुलदीप ऐरन ने कहा कि कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। नियमित योग द्वारा कैंसर को नियंत्रित किया जा सकता है। कैंसर से छुटकारा के लिए रोजाना भ्रामरी, उद्गीथ, अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि करने चाहिए। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के पदाधिकारी, नगर पालिका के कर्मचारी, योग साधक रहे। इस दौरान प्रधानाचार्य नरेंद्र वर्तवाल, भूरे लाल, सभासद गगन वार्ष्णेय, सनी गुप्ता, डॉ. प्रदीप त्यागी, विकास वर्मा, अभिषेक तिवारी, गौतम आर्य, अजय गुप्ता सर्राफ, हरनाम सिंह, रेनू वार्ष्णेय, संजना गुप्ता, सीमा आर्य, नीलू त्यागी, सभासद चंचल गुप्ता, मंजू आर्य, तिवारी आदि रहे।



शंकर कालेज में योगासन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- भ्रामरी, उद्गीथ, अनुलोम-विलोम, कपालभाति रोजाना करने चाहिए

**कवायद** ट्रक और अन्य वाहनों की वजह से लगने वाले जाम से मिलेगी निजात

# ट्रांसपोर्ट नगर बनने से सुचारु होगा यातायात

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : वर्षों पुरानी ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित कराने की मांग को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रयास शुरू हो गए हैं। ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित होने से न सिर्फ सड़क किनारे से ट्रक और अन्य वाहन हट जाएंगे बल्कि जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। ट्रांसपोर्ट नगर की कवायद को लेकर ट्रांसपोर्टरों में खुशी है।

संभल में चारों मार्गों के किनारे ट्रक और अन्य वाहन खड़े रहना आम बात है। खासकर मुरादाबाद मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ ट्रकों का जमावड़ा रहता है। पूर्व में प्रशासन की ओर से ट्रकों पर कार्रवाई भी कराई गई तो संचालकों ने यह कहते हुए विरोध किया कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित क्यों नहीं कराया जा रहा। हालांकि अधिकारियों ने भी पहले आश्वासन दिया था लेकिन पूरा नहीं हो सका। ऐसे हालात में आज भी मुरादाबाद मार्ग के किनारे ट्रकों का जमावड़ा रहता है। वहीं दूसरे मार्गों के किनारे ट्रक और अन्य वाहनों के खड़े रहने से जाम की स्थिति बनती है तो यातायात में अवरोध पैदा होता है। अब जिला प्रशासन के निर्देश पर संभल में ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित कराने की कवायद शुरू हुई है। एआरटीओ कार्यालय में एसडीएम विनय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बैठक हो चुकी है। अब गेंद ट्रांसपोर्टरों के पाले में है। प्रशासन ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना के लिए दो स्थान सुझाए है। जिनमें से एक स्थान को लेकर ट्रांसपोर्टरों को निर्णय लेना है।



संभल में मुख्य मार्ग के किनारे खड़े ट्रक। ● अमृत विचार



"संभल में ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित कराने के लिए ट्रांसपोर्टरों को दो स्थान सुझाए गए हैं। इनमें से एक स्थान को लेकर फैसला लेना है। जिसके बाद अन्य प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए ट्रांसपोर्ट नगर वजूद में आ सकेगा।"
–डॉ. पीके सरोज एआरटीओ प्रशासन



"ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित होने से शहर में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। वाहनों पर अकसर होने वाली कार्रवाई से भी छुटकारा मिलेगा। प्रशासन को बसों को खड़ा करने की व्यवस्था भी करनी चाहिए।" –नवाब खां बस मालिक

### इस्लामनगर के व्यक्ति की ई- रिक्शा से गिरकर मौत

बहजोई, अमृत विचार : ई रिक्शा में सवार होकर बहजोई आ रहा व्यक्ति अचानक ई रिक्शा का ब्रेक लगाने से सड़क पर गिर गया। एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उसे मृत घोषित कर दिया। बदायूं जनपद के इस्लामनगर निवासी संजय गुप्ता पुत्र वीरेंद्र गुप्ता उम्र 50 वर्ष इस्लामनगर बस स्टैंड से ई रिक्शा में सवार हुए थे और वह बहजोई किसी काम से आ रहे थे। जैसे ही वह बहजोई इस्लामनगर मार्ग स्थित गांव मऊ कठेर के निकट पहुंचे तो पशु से बचाने के चक्कर में ई रिक्शा चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। ई-रिक्शा में सवार संजय गुप्ता सड़क पर जा गिरे और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# किताब से बाबरी मस्जिद शब्द हटाना अफसोसजनक

- सपा सांसद जियाउर्रहमान ने अलीगढ़ की घटना को लेकर भी सरकार को घेरा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने एनसीईआरटी की किताबों से बाबरी मस्जिद शब्द हटाने के सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह अफसोसजनक है।

सपा सांसद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार को इस तरह से नहीं करना चाहिए। कोर्स के जरिये इतिहास में से इन चीजों को खत्म नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से साफ है कि भाजपा सरकार की ओर से इतिहास को खत्म करने कोशिश हो रही है। बच्चों को हर चीज की जानकारी होनी चाहिए। अलीगढ़ में भीड़ द्वारा फरीद नाम के युवक की पीटकर हत्या के मामले को लेकर सपा सांसद ने कहा कि फरीद के हत्यारों के मददगारों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। जब कार्यकर्ता ही इस तरह का कार्य करेंगे तो कैसे कानून व्यवस्था चलेगी। इस तरह की घटना भाजपा सरकार बनने के बाद सामने आई है। सरकार को सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।



जियाउर्रहमान बर्क।

उन्होंने कहा कि अलीगढ़ की घटना शर्मनाक घटना है। मुसलमान क्या दूसरे धर्म व जाति के लोग भी चाहते हैं कि इस तरह का कार्य नहीं होना चाहिए बल्कि विकास पर ही काम होना चाहिए। सब जानते हैं कि सांप्रदायिक नीतियों की वजह से ही बीजेपी की बैसाखी की सरकार बनी है।


**नाम-परिवर्तन**

मेरे नाम की स्पेलिंग Zulfaqar Ahmed Khan से बदलकर Zulfiqar Ahmad Khan S/o Haji Nabban Khan Mughalpura Moradabad है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

**नाम-परिवर्तन**

मेरा नाम Numan था अब Mohammad Nouman S/o Mohammad Suleman R/o Gulshan Nagar Asalatpura Moradabad रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

**नाम-परिवर्तन**

मेरा नाम Shah Nawaz था बदलकर Mohd Shahnawaz S/o Shah Faisal R/o Choki Hasan Khan Moradabad रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

## एक नजर

### गाली गलौज व मारपीट करने में चार गिरफ्तार

**जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में अलग अलग गांवों में गुरुवार को गाली गलौज व मारपीट करने के आरोप में चार लोगों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की। थाना क्षेत्र के गांव घोंसली राजा निवासी बबलू, भोना नगला गांव निवासी डालचंद, काशीपुर गांव निवासी रामकुमार और बंगाली कालोनी निवासी सुशांत को अलग अलग लोगों से गाली गलौज व मारपीट करने पर आमादा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट का आरोप लगाया

**संभल, अमृत विचार :** संभल तहसील क्षेत्र के गांव वारीपुर भमरौआ निवासी रामनिवास की पत्नी प्रेमवती व ममता, कंचन और बाबूराम ने जिलाधिकारी मनीष बंसल को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि 2019 में ग्राम समाज की जमीन पर मिले पट्टों पर हमारा कब्जा है। पट्टों पर ग्रामीण अपना निर्माण कार्य करा रहे हैं। आरोप है कि पट्टों पर निर्माण का विरोध करते हुए आधा दर्जन से अधिक लोग आ गए और गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

# चोरी की वारदातों का खुलासा, छह लोग गिरफ्तार

## अलग-अलग गांव में दिया था वारदात को अंजाम, कंथरी मार्ग से छह लोगों को गिरफ्तार कर माल किया बरामद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

**अमृत विचार :** थाना बनियाठेर पुलिस ने मई और जून माह में अलग-अलग गांव में हुई चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। इनके पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

19 जून दिन बुधवार को थाना बनियाठेर के प्रभारी मोहित कुमार काजला पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। कंथरी चौराहा के पास पहुंचे तो वहां कुछ संदिग्ध नजर आए। पुलिस ने घेराबंदी कर समीर पुत्र इस्तेखार निवासी मोहल्ला हाता चन्दौसी, सोहिल पुत्र हबीब व अरबाज पुत्र हबीब निवासी असर्फी चौक तेली मोहल्ला चन्दौसी, नाजिम पुत्र कुदरत अली, सोहिल पुत्र रियासत अली व सोईब पुत्र असब्बर निवासी पजाया चन्दौसी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि शानू आलम पुत्र बब्बू निवासी मोहल्ला कुरैशियान चन्दौसी भाग निकला। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया और मय सामान के थाने ले आयी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के साथ उप निरीक्षक राधेश्याम शर्मा, रमन पाल सिंह, अंकुर तोमर, हिमांशु गौतम, हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह, कांस्टेबल ब्रजेश तोमर, भूपेश नागर, धर्मेंद्र दत्त शर्मा, विवेक कुमार शामिल रहे।



बनियाठेर थाना में चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

> बनियाठेर पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी। -श्रीश चंद, एएसपी, संभल।

### इन चोरी की वारदातों का हुआ खुलासा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** 17 जून को मो. अकरम पुत्र मो. यासीन निवासी मोहल्ला जारई गेट सीबी कालोनी कोतवाली चन्दौसी के कारखाने में पीछे की दीवार कूद कर 15 कम्प्रेशर व जाली, एक धार लगाने वाला ग्लेन्डर व 5 मोटर व औजार चोरी कर लिए थे। वहीं 18 जून को शकील हुसैन पुत्र रमजानी निवासी भैतरी फाटक थाना बनियाठेर के मकान के ताले तोड़कर एलईडी, एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी पाजेब, एक नथ, गैस सिलेंडर आदि सामान चोरी कर लिया था। 17 मई को आशीष गुप्ता पुत्र स्व. राप्रकाश निवासी मोहल्ला अशोक नगर थाना बनियाठेर की दुकान का ताला तोड़ कर इंवर्टर बैटरी, दो गैस सिलेंडर, 5 हजार रुपये तथा 19 मई को केदार सिंह पुत्र नरोत्तम सिंह निवासी गांव फरीदपुर खास थाना बनियाठेर के घर से 20 लीटर मैंथा तेल व नरेश कुमार के घर से एक मोबाइल, चांदी की तीन चीजें व पांच हजार रुपये तथा आराम सिंह के घर से एक बकरा, बकरी व 25 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। वहीं एक जून को ब्रह्मानंद शर्मा पुत्र प्रेमशंकर शर्मा निवासी गांव नगलिया बल्लू थाना बनियाठेर की दुकान से एक इनवर्टर, एक बैटरी, एक इलैक्ट्रानिक कांटा तथा स्टेपलाइजर व दो कट्टे सरसों चोरी कर ली थी। सभी का मुकदमा थाना बनियाठेर में दर्ज है।

### ये माल किया गया बरामद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर पुलिस ने चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए दो बड़े गैस सिलेंडर, एक छोटा गैस सिलेंडर, एक बैटरा, एक इनवर्टर, एक इलैक्ट्रानिक कांटा, तीन जोड़ी पाजेब, एक जोड़ी खड़ुवा, आठ कटे कम्प्रेशर, दो मोटर कटी हुई, एक प्लास, एक जम्बूड लोहा, एक हथौड़ी, एक मिक्सी, एक प्रैस, एक जोड़ी कुंडल, एक नथ आदि सामान बरामद किया है।

## सार संक्षेप

### जीआरपी ने आर्म्स एक्ट के मुकदमों के असलहे नष्ट कराए



असलहा नष्ट करवाते थाना प्रभारी।

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जीआरपी थाना चन्दौसी में गुरुवार को आर्म्स एक्ट के मुकदमों के असलहा नष्ट कराए गए। थाना प्रभारी राजदेव पूनिया ने अपनी देखरेख में असलहा नष्ट कराए। अपर जिला मजिस्ट्रेट संभल के आदेश के अनुपालन में मालों के निस्तारण हेतु गठित कमेटी जिसमें धीरेंद्र सिंह तहसीलदार, सुदेश कुमार गुप्ता पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गाजियाबाद अनुभाग मुरादाबाद, राजदेव पूनिया प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी चन्दौसी, मालखाना मोहर्रिर सत्यदेव सिंह की मौजूदगी में मुकदमों के असलहा नष्ट कराए गए। हथौड़े से नष्ट करा कर गड्ढा खोदवा कर दबवाया गया।



संभल के बाजार में शर्बत पिलाते व्यापारी। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने लोगों को ठंडा शर्बत पिलाकर दी राहत

**संभल, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल संभल के पदाधिकारियों ने कदम बढ़ाए। पदाधिकारियों ने कोतवाली के सामने मस्जिद के गेट पर सबील लगाई। यहां लोगों को ठंडा शर्बत पिलाकर राहत पहुंचाने का काम किया। इस दौरान हाजी एहतेशाम, नाजिम सैफी, अशरफ हुसैन, बिट्टू वारसी, फुरकान वारसी, दानिश खान, मोहतशिम राजा, मोहसिन, सलमान खान, शाहनवाज आदि रहे।

### चार गैंगस्टर व दो वारंटी सहित छह गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना पुलिस ने अलग अलग जगह से गुरुवार को चार गैंगस्टर व दो वारंटियों सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हजरतनगर गढ़ी थाना पुलिस ने गैंगस्टर नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला सादक सराय निवासी बिलाल, हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव बबैना निवासी साहिर, असमोली थाना क्षेत्र के गांव मालपुर निवासी शाने आलम व सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव शहबाजपुरा निवासी अनस को गांव बबैना से गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर मुहल्ला हयातनगर निवासी मलखान व चंद्रभान वारंटियों को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर घर से गिरफ्तार किया है।

### पुलिस हिरासत में युवक की हालत बिगड़ी

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा पकड़कर पुलिस को सौंपे गये चोरी के आरोपी की पुलिस हिरासत में हालत बिगड़ गई। आनन फानन में आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव मुकर्रपुर के लोगों ने बुधवार को हयातनगर निवासी जीशान को चोरी के आरोप में पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। गुरुवार को पुलिस हिरासत में जीशान की हालत बिगड़ गई। जिससे पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए और आनन फानन में पुलिस ने जीशान को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि सिरसी में स्थित लोहे के गोदाम से सरिया उठाते हुए जीशान को हिरासत में लिया था।

### मारपीट करने पर चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कुरैशियान में गाली-गलौज का विरोध पर तीन भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी दी। घटना की रिपोर्ट चार लोगों के विरुद्ध कोतवाली में दर्ज कराई गई है। मोहल्ला कुरैशियान निवासी हिना पत्नी सलमान ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि 18 जून की रात 9 .45 बजे उसका चचेरे देवर दानिश व मौनिस, आकिब तथा सलमान चिकना उनके घर पहुंचे और महिला के पति सलमान, जेठ सालिम व देवर अरशद के साथ बेवजह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने तीनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर अन्य लोग पहुंच गए, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# पुलिस की कार्यप्रणाली के विरोध में गरजे किसान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



कोतवाल से वार्ता करते भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- मंडी समिति में पंचायत में पहुंचे प्रभारी निरीक्षक, हुई वार्ता
- प्रभारी निरीक्षक के आश्वासन पर स्थगित हुआ कोतवाली का घेराव

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने साथी किसान के घर हुई चोरी के खुलासे व आरोपी को गिरफ्तार करने पर कोतवाली पुलिस के विरुद्ध मंडी समिति में पंचायत का आयोजन किया गया। पुलिसिया कार्यप्रणाली के विरोध में किसान जम कर गरजे। पंचायत में कोतवाली पुलिस को एक घंटे का अल्टीमेटम दिया कि कोतवाल पंचायत स्थल पर नहीं पहुंचे तो किसान कोतवाली का घेराव कर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। कोतवाल ने घटना के खुलासे को 12 दिन का समय मांगा है। इसके बाद कोतवाली घेराव का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मंडी समिति में हुई पंचायत में मंडल सचिव रजत यादव ने कहा कि भाकियू अराजनैतिक के चन्दौसी ब्लाक अध्यक्ष रामेश्वर यादव कोतवाली क्षेत्र के गांव बर्रई के घर नौ मई की रात चोर 80 क्विंटल गेहूं चोरी कर ले गए। घटना के एक माह बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। आरोप है कि जिन लोगों पर किसान ने शक जताया पुलिस उन्हें संरक्षण दे रही है। पंचायत के बीच प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। जहां किसानों के बीच बैठ वार्ता हुई। जिसमें प्रभारी निरीक्षक ने घटना के खुलासे के लिए 12 दिन का समय मांगा है। कहा कि चोर व माल की बरामदगी की जाएगी। इसके बाद किसानों ने कोतवाली घेराव का कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

इसके बाद बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान स्व. हरिशंकर यादव नेताजी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसको लेकर साथियों को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामेश्वर शर्मा, कौशल क्रांतिकारी, संजीव यादव, कुंवर पाल सिंह, राशिद खान, सबाब, जसवीर, सलमानी, बॉबी, रामेश्वर यादव, मुनेश यादव, इच्छा राम, आलम, रौदास यादव, भगवान सिंह, सत्यपाल सिंह, विशाल चौधरी, तेजपाल सिंह, काली यादव, सत्यवीर यादव, रामनिवास यादव, विनोद यादव, रितिक त्यागी, नरेश त्यागी, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# नगर को स्वच्छ रखने की प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद स्वच्छ भारत मिशन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नियुक्त ब्रांड एंबेसडर भुवनेश कुमार राघव को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत कूड़ा कलेक्शन कर शहर को स्वच्छ रखने को लेकर चर्चा की गई।

नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के मानकों को लेकर जानकारी दी गई। स्वच्छ भारत मिशन में कूड़ा कलेक्शन की सफाई व्यवस्था की विस्तार से जानकारी दी। चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने कहा कि नगर को स्वच्छ रखने की प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत कूड़ा कलेक्शन एवं सेग्रीगेशन किया जाएगा। जिसको लेकर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। जिससे आम जन स्वच्छता के लिए जागरूक हो। इसके बाद नगर पालिका परिषद द्वारा भुवनेश राघव को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। जिन्हें अधिशासी अधिकारी भूपराम व चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने नियुक्ति पत्र दिया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी भूपराम, डीपीएम चंद्र प्रकाश गौतम, सफाई प्रभारी पंकज कुमार, प्रकाश प्रभारी कुलदीप यादव, मयंक कुमार रस्तोगी, हिमांशु शर्मा आदि रहे।



ब्रांड एंबेसडर भुवनेश कुमार राघव को नियुक्ति पत्र देते चेयरमैन व ईओ।

# मंडी उपनिदेशक को नोटिस ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता, बहजोई

- आयुष चिकित्सालय का निर्माण कार्य समय पर पूरा न होने पर डीएम ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने मनीष बंसल ने आयुष चिकित्सालय का निर्माण कार्य समय पर पूरा न होने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं मंडी समिति बहजोई में दुकान, सड़क व अन्य निर्माण कार्य समय से पूरा न होने पर उपनिदेशक मंडी को नोटिस जारी किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने जनपद में चल रहे विकास कार्यों को लेकर प्रगति की समीक्षा की तो पाया गया कि विकासखंड बहजोई में आयुष चिकित्सालय का निर्माण बाधित चल रहा है। जिसको लेकर डीएम ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। वहीं मंडी परिषद बहजोई में दुकान सड़क व केसी ड्रेन कार्य निर्धारित समय से पूरा न होने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मंडी परिषद के उपनिदेशक को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब करने के निर्देश दिये। गांव भरथरा में बन रहे स्टेडियम के पास संपर्क मार्ग निर्माण के लिए जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखते हुए निर्माण करने की डीएम ने बात कही। डीएम ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय देवापुर के निर्माण व संपर्क मार्ग शीघ्र पूरा कराया जाए। इस दौरान प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश चंद्र, बीएसए चंद्रशेखर ,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# राशन कार्ड धारकों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



ग्राम सचिवालय में महिला कार्ड धारकों के बयान लेते पूर्ति निरीक्षक। ● अमृत विचार

- पूर्ति निरीक्षक ने ग्रामीणों के बयान दर्ज किए

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत पथरा स्थित ग्राम सचिवालय में गुरुवार को सप्लाई विभाग की टीम ग्राम सचिवालय पहुंची। जहां कार्ड धारकों ने डीलर पर अंगूठे के निशान लगवाने के बाद राशन नहीं देने का आरोप लगाया और जमकर हंगामा किया। डीलर पर कम राशन देने का आरोप भी लगाया गया। टीम में शामिल पूर्ति निरीक्षक ने ग्रामीणों के बयान दर्ज किए।

नगर पंचायत पथरा में एक राशन डीलर है, जो ग्रामीणों को राशन का वितरण करता है। ग्रामीणों ने बताया कि माह जून के राशन को लेकर डीलर ने उनके अंगूठे के निशान लगवा लिए, राशन वितरण को पर्ची भी नहीं दी। कुछ दिन बाद पूछने पर बताया कि अब राशन अगले माह दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर की ओर से राशन कम दिया जाता है। विरोध करने पर राशन न देने की धमकी दी जाती है। इस पर ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। ग्रामीणों ने घटना की शिकायत उच्चाधिकारियों से की। गुरुवार को सप्लाई विभाग से पूर्ति निरीक्षक ललित कुमार व पूर्ति लिपिक गुरु दत्त गांव के मिनी सचिवालय पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने डीलर पर कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। आरोप लगाने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक थी। पूर्ति निरीक्षक ने सचिवालय पहुंचीं महिलाओं के बयान दर्ज किए। बताया कि मामले की पूरी जांच पड़ताल कर रिपोर्ट एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। शुक्रवार को जिलाधिकारी अगली कार्रवाई की जाएगी।

### चारपाई पर मिला युवक का शव

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव बिहारीपुर छेमराम निवासी नन्हें (40) पुत्र श्रीराम का शव बुधवार रात उनके घर पर चारपाई पर पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि नन्हें की पड़ोस में रहने वाले युवक से दोस्ती थी।

**आयोजन** शिवाजी के स्वरूप में सजे बालक आकर्षण का केंद्र रहे, जगह-जगह हुआ स्वागत

# धूमधाम से निकाली छत्रपति शिवाजी महाराज की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** सनातन सेवक संघ की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। रघुनाथ आश्रम से आरंभ हुई शोभायात्रा ने शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण किया। शोभायात्रा में महाराष्ट्र का ढोल व शिवाजी महाराज के स्वरूप में बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे।

गुरुवार की शाम छह बजे सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम से छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के दिन शोभायात्रा निकाली गई। जिसका आरंभ राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र बैंस समेत अन्य अतिथियों ने शिवाजी महाराज की झांकी की आरती करके किया। शोभायात्रा में सबसे आगे सजे-धजे ऊंट चल रहे थे। इसके पीछे डीजे पर राष्ट्रभक्ति गीतों पर युवक नृत्य कर रहे थे। शोभायात्रा में पेशवा बाजीराव, माता जीजाबाई के स्वरूप में सजे बच्चे सिंहासन पर विराजमान थे। महाराष्ट्र के ढोल की आवाज सभी को भा रही थी। अंत में छत्रपति शिवाजी महाराज का स्वरूप मुख्य रथ पर विराजमान था। जिसकी जगह-जगह आरती की गई। रघुनाथ आश्रम से आरंभ हुई शोभायात्रा मनिहार चौक, बिसौली गेट, पुरानी पैठ, बड़ा बाजार, घंटाघर, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार पहुंच संपन्न हुई। शोभायात्रा का स्वागत कर जलपान कराया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र बैंस, कपिल दीवाना, कपिल गुप्ता, विवेक नागपुर, कैलाश चंद्र, प्रिया टनाटन, प्रतिभा चौधरी, अमित अग्रवाल, राजीव सक्सेना, विकास सनातनी, राजकुमार शर्मा, राखी सिरोही, मोक्षिका, कुमोद अग्रवाल, नीलम अरोरा, अनिता शर्मा, दुर्गा टंडन, विक्की कश्यप, तुषार, दिशांत गुप्ता, मनोज राघव आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल राज्यमंत्री गुलाब देवी व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव।



शोभायात्रा में शामिल छत्रपति शिवाजी महाराज की झांकी।

### हूटर बजाकर फर्राटा भर रहे वाहन, नहीं हो रही कार्रवाई

**गुन्नौर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हूटर और सायरन का इस्तेमाल करने वालों पर शिकंजा कसने के निर्देश का अनुपालन नजर नहीं आ रहा है। खासकर लग्जरी गाड़ियों पर हूटर का प्रयोग तो धड़ल्ले से हो रहा है। इन पर कार्रवाई की बजाए प्रशासन व परिवहन विभाग मौन है। प्रतिबंधित के बावजूद प्रभावशाली लोग मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करते हुए धड़ल्ले से हूटर का प्रयोग कर रहे हैं। आये दिन निजी वाहन हूटर बजाते हुए यातायात पुलिस के बगल से गुजर जाते हैं। इन पर कार्रवाई की बजाए पुलिस और यातायात वाले ऐसे ही खड़े रहते हैं। वहीं निर्देश के बावजूद विभिन्न प्रतीक चिन्ह, झंडे, हूटर लगे वाहनों का संचालन बेरोकटोक जारी है। बताते चलें कि मोटरयान अधिनियम के तहत निजी वाहनों में हूटर लगाने पर कार्रवाई का प्रावधान है।





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यदतप्तं प्रणमति न तत् सन्तापयन्त्यपि।
यश्च स्वयं नतं दारुं न तत् सन्नमयन्त्यपि॥

जो धातु बिना गरम किए मुड़ जाती है, उन्हें आग में तपने का कष्ट नहीं उठाना पड़ता। जो लकड़ी पहले से झुकी होती है, उसे कोई नहीं झुकाता।


## संपादकीय

# टकराव उचित नहीं

संवैधानिक व्यवस्था में राज्यपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज जब हम सहकारी संघवाद और देश की प्रगति के हित में स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक संघवाद पर जोर दे रहे हैं तो राज्यपाल की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एक ओर वह केंद्र सरकार के अभिकर्ता के रूप में कार्य करता है, दूसरी ओर राज्य का संवैधानिक प्रमुख भी है। हालांकि देश में राजभवन और राज्य सरकार के बीच टकराव का इतिहास भी रहा है। यह स्थिति तभी बनती है जब केंद्र व राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दल की सरकार होती है। ऐसे में कई राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में काम करते नजर आते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार और राजभवन के बीच लगातार तनातनी बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि राजभवन में तैनात कलकत्ता पुलिस की टुकड़ी के कारण उन्हें अपनी सुरक्षा को खतरा होने की आशंका है। उनका यह बयान पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश देने के कुछ दिनों बाद आया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और भाजपा नेता हिंसा पीड़ितों के साथ 13 जून को राजभवन जा रहे थे, तो पुलिस ने उन्हें रोका था। सुवेंदु को पुलिस ने धरने की इजाजत भी नहीं दी थी। इसके बाद राज्यपाल ने सोमवार को कोलकाता पुलिस को राजभवन खाली करने को कहा था और राजभवन के उत्तरी गेट के पास पुलिस चौकी को जनमंच बनाने की योजना बनाई। हालांकि पुलिस अभी भी गवर्नर हाउस में ड्यूटी पर है। इसी तरह गत वर्ष पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा की गई 10 विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति को खारिज कर दिया था, ये विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं, जिसे लेकर काफी विवाद पैदा हुआ था।

गौरतलब है कि राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख होने के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होता है। सवाल उठता है कि क्या संवैधानिक पद की गरिमा को बनाए रखने का दायित्व उस पर बैठे व्यक्ति का है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि संवैधानिक पदों की गरिमा को बरकरार रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। महत्वपूर्ण है कि जहां एक ओर राज्यपाल राज्य के नाम मात्र प्रमुख के रूप में कार्य करता है वहीं वास्तविक शक्ति लोगों द्वारा चुने गए राज्य के मुख्यमंत्री के पास होती है। इसलिए राज्यपाल और राज्य सरकार का टकराव किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। यही टकराव लोकतांत्रिक प्रक्रिया को हानि पहुंचाता है।

# फेरोमोंस, हार्मोंस की फिजियोलॉजी ने दिए सूत्र



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैं: रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं)।

मनुष्य समेत सभी जीवों में गंध को पहचानने के लिए संवेद संग्राही अर्थात रिसेप्टर्स मौजूद होते हैं। गंध अर्थात एक रसायन, एक मॉलिक्यूल अर्थात कुदरत में मौजूद केमिकल एलिमेंट्स या तत्व एक खास स्ट्रक्चर बनाकर व्यवस्थित रहते हैं। दुनिया में हरेक पदार्थ का क्षरण होता है अर्थात् 'डिके' होता है। इस प्रोसेस में ही पदार्थ के निर्माण में मौजूद तात्विक ढांचे मॉलिक्यूलर एंड एलिमेंटल स्ट्रक्चर का क्षय होता है अर्थात टूट-फूट होती है। पदार्थ की इस प्रकृति को जैन और हिन्दू 'आगमों' में दार्शनिक तरीके से बताया गया है, लेकिन प्राकृत, संस्कृत और यहां तक कि हिंदी भाषा में इन आगमों के स्ट्रक्चरल टेक्स्ट को बताने वाली कृतियों की भाषा ऐसी है कि संस्कृत और प्राकृत का उच्च ज्ञान न रखने वाले को कुछ खास पल्ले नहीं पड़ता। अगर इंग्लिश ट्रांसलेशन उपलब्ध है तो भी टेक्स्ट के प्रवाह और निहतार्थ की गंध पढ़ने वाला ले नहीं पाता। गंध जिसे हम दुर्गंध और सुगंध में भी परसेप्शन अनुसार महसूस करते हैं, का क्रमिक विकास प्राणी में किसलिए हुआ? जाहिर है एल्व्युशन की प्रक्रिया में जीवों में इनका आकार, प्रकार आकृति और व्यवहार एवं लिविंग एनवायरनमेंट कैसा भी हो, स्वःरक्षा के लिए ही हर प्रकार की गंध की पहचान के लिए प्राणी के मस्तिष्क और ऑल फैक्ट्री सिस्टम (गंध टोही प्रणाली) में 'रिसेप्टर्स' का विकास हुआ। आश्चर्यजनक है कि दुनिया में हर प्रकार की अर्थात लाखों प्रकार की गंध को पहचानने की क्षमता मनुष्य रखता है। गंध को पहचानने वाले रिसेप्टर्स की उत्पत्ति जीव की अपनी रक्षा के लिए हुई, यह तो ठीक है, लेकिन इस विशिष्ट संदर्भ में 'रक्षा' को डिफाइन करना जरूरी है। मूलतः भोजन की तलाश और इसकी उपयुक्तता की पहचान के अलावा अपनी नस्ल को बढ़ाने के लिए जीवों में 'सेक्स्युएल इंस्टिंक्ट' भी पैदा हुई। यह एक खास तरह के हार्मोंस और फेरोमोंस के सहारे आगे बढ़ती है। नर से मादा के मिलन के लिए हॉर्मोन यानी कि एक प्रकार से 'फीरोमोंस' ही दोनों में आकर्षण की मुख्य भूमिका अदा करते हैं। फेरोमोंस तेज गंध वाले रसायन होते हैं, जो मनुष्य शरीर में अधिकांश तौर से बाजू के नीचे की कक्षा में 'ग्लैंड्स' के रूप में और जननांगों में अव्यवस्थित होते हैं। पसीने के साथ ये फेरोमोंस हवा में उड़कर नर और मादा



दोनों की नासिका में मौजूद ग्राहियों अर्थात् रिसेप्टर्स द्वारा ट्रैप कर लिए जाते हैं जिसके बाद इन्हें तेजी से मस्तिष्क द्वारा 'इंटरप्रेट' किया जाता है। यह काम स्पीड से संपन्न होता है जैसे कि इलेक्ट्रो-केमिकल ट्रांसमिशन के जरिये इस संदेश की गति एक सेकंड में एक मीटर तक हो सकती है। बलात्कारियों पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों ने एक बार सुझाव दिया था कि बलात्कारी पुरुष के शरीर में ऐसे एंटी-फेरोमोंस रसायन इंजेक्ट किए जाएं ताकि उसके दिमाग में जबरन यौन संपर्क करने की इच्छा ही जाग्रत न हो, लेकिन ह्यूमन राइट कमीशन वालों ने इसे अत्याचार कहा।

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैं: रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं), प्राइमर (यौवन और मासिक धर्म चक्र को प्रभावित करते हैं) और सिग्नलर्स (सूचना प्रदान करते हैं)। सभी जंतुओं के हार्मोनेस और फेरोमोंस एक जैसे रासायनिक संरचना के नहीं होते। हम यहां सिर्फ 'ममेलियन फीरोमोंस' की बात कर रहे हैं। ममेलियन, अर्थात् ऐसे जंतु जो अपने बच्चों को स्तनपान कराते हैं चाहे यह मनुष्य (दोपाया) है या बंदर, गाय है या चमगादड़। इन्सेक्ट फेरोमोंस अलग बनावट के होते हैं। अभी तक 64 किस्म के हार्मोंस की पहचान वैज्ञानिकों ने की है।

सन् 2017 के 'सैल' जर्नल के एक अंक में छपे शोधपत्र में बताया गया है कि 'इंटर-ऑर्गन' कम्युनिकेशन जैसे कि मांसपेशियों और हड्डियों के बीच आपसी संवाद में भी हार्मोंस की बड़ी भूमिका बनी रहती है। शरीर पर जख्म होने के बाद स्थान विशेष को दुरुस्त किए जाने में भी हार्मोंस की कोई भूमिका है, ऐसा सोचकर विज्ञानियों के काम की काफी जानकारी हासिल की है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ (यूपीएफ) औद्योगिक रूप से तैयार किए गए उत्पाद हैं जिनमें सिंथेटिक तत्व भी होते हैं, लेकिन न्यूनतम संपूर्ण खाद्य घटक इनमें रहें ऐसी तसल्ली भी कर ली जाती है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स (यूपीएफ) या ऐसी ही प्रकृति के आहार की वजह से प्रतिरक्षा विकृति से जुड़ी बीमारियों जैसे आंत्र सूजन रोग और संभावित ऑटोइम्यून बीमारी के बढ़ते जोखिम से इनके जुड़े होने की बात हाल के शोधकार्य से मालूम हुई है।

अब तो चूहे और कीट भागने के लिए इंडस्ट्रियल फेरोमोंस का उपयोग किए जाने की बात भी शोधकर्मी बताने लगे हैं। उदाहरण के लिए बिल्ली और चूहे के परस्पर लुका-छिपी का मामला लें। कहते हैं जिस घर बिल्ली है उस घर से चूहे गायब हो जाते हैं। बिल्ली को देखकर चूहे गायब नहीं होते या मन में डर समाने से भी गायब नहीं होते। इसका रहस्य है न्यूरो-फिजियोलॉजीकल द्रव स्राव। इसमें बिल्ली या बिलाव घर के कोणों में अपने मूत्र के जरिए ऐसे रसायनों का छिड़काव करता है, जो एक तरह ही प्रोटीन हैं। इन्हें हम आम भाषा में गंध और दुर्गंध कह सकते हैं। इस केमिकल सिग्नेचर का नाम है 'फेरोमोन'। इसकी तीखी गंध चूहे के नथुनों में जब घुसती है इसके मस्तिष्क में मौजूद रिसेप्टर्स इसे पकड़ कर इस पदार्थ की रचना को समझने की चेष्टा करते हैं और फिर 'फ्लाइट' अर्थात्, 'भाग लो' के, मॉड में तुरंत आकर अपनी जान बचाने के जुगाड़ में लग जाते हैं। बीएमसी बायोलॉजी (ब्रिटिश मेडिकल जर्नल से संबंधित प्रकाशन) के सन् 2018 के एक अंक (16:48) सारा ए.रॉबर्ट्स एवं इनके पांच सहयोगियों ने जो शोधपर्चा इसमें प्रकाशित किया है। इससे ही यह जानकारी मिली है। यूं, फेरोमोंस पर रिसर्च तो दशकों से हो रही है, लेकिन सन् 1959 में पहली बार मार्टिन ल्युशिये और पीटर कार्लसन ने इनकी अवधारणा प्रस्तुत की थी।

प्रकृति ने हर जीव को अपनी रक्षा के लिए कुछ न कुछ तरह के अस्त्र-शस्त्र (जैसे सींग और नाखून एवं दंत, प्रकाश फेंकना, साइज़-शेप एंड फॉर्म जैसे कि व्हेल मछली, काटना आदि) दिए हैं। शिकार पकड़ने, संतान पैदा करने, बचाव करने और शरीर की कुछेक प्रक्रियाओं को रेगुलेट करने में भी फेरोमोंस और हार्मोंस की बड़ी भूमिका मालूम की गई है। इस मामले में बिल्लियों, दुर्गंधयुक्त केमिकल पदार्थ का छिड़काव करने वाले जानवर और इंसेक्ट्स से भी कुछ आगे की सोच रखते हुए इन गंध और दुर्गंधयुक्त एवं सुगंधित केमिकल को केमिकल इंडस्ट्री आर्टिफीसियल तरीके से या सिंथेसाइज करके बनाना किसी भी दिन शुरू कर सकती है। वनस्पति आधारित, तैलयुक्त रिपेलेंट तो बनाए ही जा चुके हैं। हम बिल्ली या हाथी अगर नहीं पाल सकते तो बाजार से इन गंधयुक्त पदार्थों (रिपेलेंट्स एंड ओडोरेंट्स) को ले लेकर उन स्थानों पर छिड़क सकते हैं जहां से इन्सेक्ट, कॉकरोच जैसे वर्मिन्स और चूहे घर में प्रवेश कर सकते हैं।


सिर्फ ऊपर वाली जानकारी को लेकर बात आगे न हो, ऐसा नहीं है। फेरोमोंस और हारमोंस का आधुनिक चिकित्सा तंत्र में बहुत इस्तेमाल होता है। ग्रोथ होर्मोन, एंडोक्राइन हारमोंस, हीट एंड कोल्ड स्ट्रेस में हार्मोन उपचार, मधुमेह जैसे चयापचयी व्याधि के लिए इन्सुलिन हार्मोन, संतानोत्पत्ति योग्य बनाने के लिए हार्मोन ट्रीटमेंट जिसके लिए ग्रोथ हॉर्मोन और गोनाडोट्रोपिन्स का इस्तेमाल होता है और मोटापे को दूर करने के लिए कुछ माने में हॉर्मोन चिकित्सा और कुछ की नई किस्म पर क्लिनिकल इन्वेस्टीगेशन्स हो चुकी है। संबंधित रिसर्च साहित्य विस्तृत और जटिल है, लेकिन हार्मोन उपचार बहुत ही सावधानी से और बहुत ही अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ़ एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबोलिज्म के सन 2011 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित 'ग्रोथ हार्मोन इन द मैनेजमेंट ऑफ़ फीमेल इनफर्टिलिटी' में इस ओर इशारा किया गया है। इसे असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी के जरिये संतान पैदा करने वाली महिला को अत्यंत सावधानी से दिया जाता है। बौनेपन का इलाज करने के लिए अगर ग्रोथ हार्मोन की मात्रा जर्राभर अधिक हो जाए तो शारीरिक विकास चालू होने के बाद अंगों की ग्रोथ पर अंकुश लगाना नामुमकिन हो जाता है।

## प्रसंगवश

# जनमत कैसे बदल जाता है

यूपी रोडवेज की बस में आगरा जा रहा था। बस में जो लोग थे, वे सभी पढ़े-लिखे हों, ऐसा भी नहीं, गरीब भी थे, अमीर भी थे, अलग-अलग धर्म और जातियों के थे, लेकिन उन सबको आगरा जाना था। इसलिए ध्येय एक था, उस ध्येय ने उनका एक सम्मिलित मानस बना दिया।

एक सवारी टिकट संख्या से अधिक थी। कंडक्टर बार-बार कह रहा था कोई सवारी बिना टिकट हो तो टिकट ले लो। वह बार-बार सवारी गिन रहा था। कोई नहीं बोला तो वह सबकी टिकट चैक करने लगा। एक अजनबी से आदमी के पास टिकट नहीं थी। बस की सभी सवारियों ने उस आदमी के प्रति गुस्सा जाहिर किया और कहा कि टिकट पहले क्यों नहीं लिया?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समष्टि मन ने उसके टिकट न लेने की निंदा की और कंडक्टर का समर्थन किया, लेकिन परिस्थिति बदली तो समष्टि मन भी बदल गया। बस कंडक्टर तो आपे से ही बाहर हो गया, उसने बीच रास्ते में उसे उतर जाने को कहा, तब लोगों ने कहा कि भाई, टिकट बना दो, जंगल में न उतारो। इस जंगल में यह कैसे करेगा? किंतु उस आदमी के पास पूरे पैसे ही नहीं थे। वह आदमी दयनीय सी मुद्रा में था और बस कंडक्टर अपनी बस कंडक्टरी पर आ गया। पद तो पद होता है न, पद का मद भी होता है। वह उसे उतारने पर ही अड़ गया, जो लोग थोड़ी देर पहले उस अजनबी से आदमी पर गुस्सा जाहिर कर रहे थे, उसे भला-बुरा कह रहे थे। वे अब उसी आदमी के समर्थन में आ गए। लोगों ने कहा कि तू अब यहां से टिकट बना दे, किंतु बस कंडक्टर ने कहा कि दिल्ली से ही किराया लूंगा। लोगों ने कहा-ठीक है, पैसे हम देते हैं। जनमत का दबाव बना तो बस कंडक्टर ने उसी जगह से टिकट बना दी। लोकमानस संवेदनशील होता है। ऐसा नहीं है कि लोग नहीं समझते। लोग नैतिक और अनैतिक को समझते हैं, जो लोग जनता को मूर्ख समझते हैं, वे आदमी को ही नहीं जानते। आदमी की समष्टि यदि मूर्ख है तो वे लोग आदमी भी हैं या नहीं? समष्टि मानस इसी प्रकार से काम करता है।

# अपने कोर वोट को भी संभाले रखे भाजपा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद भी कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके।

चर्चा है कि भाजपा मतदाताअभिनंदन यात्रा निकाल रही है। निकाले मगर उत्तर प्रदेश में यदि वह ऐसी यात्रा निकालती है तो हास्यास्पद है। यहां तो भाजपा को विगत सामान्य निर्वाचन के मुकाबले करारी हार मिली है। यहां यह सब कुछ करने के बावजूद अपने पूरे कैडर का आम जनता से जो कनेक्ट टूटा है उसे जोड़ने के लिए उतार देना चाहिए। क्योंकि विधानसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं है। लगता है कि भाजपा के थिंक टैंक में कहीं कुछ मेजर डिफेक्ट आया हुआ है जिसे एक जाने माने राजनीतिक विश्लेषक के शब्दों में कहें तो भाजपा के साफ्टवेयर में कोई वायरस आ गया है।

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके। मेरे विचार से यह सब छोड़कर भाजपाइयों को अब अपनी निंद्रा त्यागकर सीधे रणभूमि में उतर जाना चाहिए अन्यथा आसार अच्छे नजर नहीं आ रहे। क्या दलित वोट महज अफवाहों के चलते दरक गया? ऐसा अविश्वास आखिर उनमें आया क्यों? इसलिए ही तो कि भाजपाई उनसे डिस्कनेक्ट हो चले थे। उनका सामीप्य खो बैठे थे। भाजपाइयों को हर स्तर पर अपनी आरामतलबी अब छोड़नी होगी। एक बड़ा वोट बैंक उनसे दरकता गया और इसका उन्हें भान तक नहीं हुआ, जबकि एक नहीं डबल इंजन सरकारें यहां काबिज रहीं।

आरएसएस भी कहने का बड़ा संगठन है, मगर सच मानिए यहां उत्तर प्रदेश में उनकी राजनैतिक मौजूदगी कहीं दिखती नहीं। भले ही मानव सेवा के प्रति उनका समर्पण दैवीय आपदाओं में दिख जाता है, किंतु वे राजनीतिक स्तर भी सक्रिय रहे हों, कम से कम उत्तर प्रदेश में तो दिखा नहीं। वे कौन लोग हैं उनके चेहरे-मोहरे कैसे हैं, अपने हैं या विजातीय हैं किसी भी आम आदमी से पूछ लीजिए उसे कुछ पता नहीं है। अब भले ही उनके पदाधिकारी कैसे-कैसे वक्तव्य जारी करते फिरें।

सुभाष वार्ष्णेय ने बताया कि उत्तरी गोलार्ध में जिस प्रकार 21 जून का दिन सबसे लंबा होता है, उसी प्रकार योग भी लोगों को दीर्घायु बनाता है। 11 दिसंबर 2024 को संयुक्त राष्ट्र की 177 सदस्यों की ओर से योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। योग भारत की प्राचीन परंपरा है, यह दिमाग व शरीर की एकता का प्रतीक है। योग का अर्थ केवल व्यायाम करने से ही नहीं है, यह अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया व प्रकृति की खोज के विषय में है। प्राचीन काल से ऋषि-मुनि अनेक योग क्रियाओं से सिद्धियां प्राप्त करके लोक कल्याण कर चुके हैं। इस दौरान एसएन शर्मा, हरीश कठेरिया, डॉ. डीके अग्निहोत्री, शिखा रावत, डॉ. दुर्गा टंडन, अभिषेक गुप्ता, डॉ. जयशंकर दुबे, केजी गुप्ता, विपिन कुमार गुप्ता, वंदना गर्ग, श्याम सुंदर दबे आदि मौजूद रहे।



नियमित योग करने का संकल्प लेते नारायण सेवा समिति के लोग।

### योग शिविर में कराया योगाभ्यास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायन्ट्स ग्रुप महिला शक्ति का दस दिवसीय योग शिविर का आयोजन घंटाघर पर किया जा रहा है। गुरुवार को तीसरे दिन योग प्रशिक्षिका अनीता राज व ऐश्वर्या राज ने प्राणायाम अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि का प्रशिक्षण दिया। साथ ही सूर्य नाड़ी व चंद्र नाड़ी के विषय में बताया। योग करने से होने वाले लाभों को बताया गया। कहा कि हमें प्रतिदिन सुबह योग करना चाहिए। इस दौरान ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल, रानी अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, आरजू, अनुराधा आदि मौजूद रहे।

## सिपाही की पत्नी की बनाई वीडियो, किया दुष्कर्म

**बदायूं, अमृत विचार :** कस्बा उझानी में एक युवक ने सिपाही की पत्नी के नहाने के दौरान अश्लील फोटो खींचे, वीडियो बना ली और ब्लैकमेल कर शारीरिक उत्पीड़न करता रहा। बच्चों के ऊपर चाकू रखकर दुष्कर्म किया। महिला की तहरीर पर पर थाना मुजरिया पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

महिला ने थाना मुजरिया पुलिस को तहरीर दी कि उसका पति सिपाही है और दूर के थाने में तैनात है। वह बच्चों की पढ़ाई के चलते उझानी में सहसवान चौराहे पर किराए पर रहती है। घर के पास में पारस पुत्र हरिबाबू का मकान बन रहा था। पारस पानी लेने के लिए उनके घर पर आता था। वह एक दिन बाथरूम में नहा रही थी। पारस ने नहाते हुए उसके फोटो खींचे और वीडियो बना ली। वीडियो और फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा। उसने महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। बच्चों और पति को जान से मारने की धमकी देता है।


# जमीन तले दबा है अकूत खजाना सरकार करा ले खोदाई

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** जिले के एक संत ने जमीन के नीचे अकूत खजाना दबा होने की बात कही है। संत का दावा है कि जमीन के नीचे एक ट्रक से भी ज्यादा खजाना दबा है। संत ने एसडीएम को पत्र भेजकर खजाना खोदवाने की मांग उठाई है।

संत ने संभल जनपद में गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव बाघऊ स्थित खेड़ेश्वर मंदिर इलाके के टीले में खजाना होने की बात कही है। मंदिर में रहने वाले संत धर्मदास का दावा है यहां जमीन में खजाना है। स्वप्न में उन्होंने खजाना देखा है। खजाने की खुदाई के लिए संत ने मौके हवन आदि सभी कर्मकांड पूरे करने का दावा किया है। संत धर्मदास का यह भी दावा है कि उन्होंने दिल्ली से मशीन मंगा कर जांच कराई है। जिसमें खजाना होने की पुष्टि हुई है। संत जमीन में खजाना होने के अपने दावे पर कायम रहकर खुदाई की मांग उठा रहा है। संत ने खजने की खुदाई की मांग को लेकर एसडीएम को भी पत्र भेजा है। वहीं ग्राम प्रधान पति रोहित यादव ने खजाने की जानकारी से इंकार करते हुए कहा कि बाबा जिस जगह खजाने की बात कह रहे हैं उस क्षेत्र में बुजुर्ग कंकड़ पत्थर निकलने की बात पहले से कहते आए हैं। मगर अभी तक किसी ने खजाना देखा नहीं है।

**बाबा का दावा**



संत धर्मदास।

# पुलिस ने 655 ग्राम अफीम के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**बाजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने 655 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफ धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है जिसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में टावर के नीचे बने बड़े गोदाम के पास बैठे व्यक्ति की धरपकड़ को घेराबंदी की। अचानक पुलिस को आता देख आरोपित सकपका गया और मौके से भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी करके पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम मंडवाबसीपुर पोस्ट नरखेड़ा थाना साही जनपद बरेली (उप्र) निवासी राजेश बताया। सीओ अन्न राम आर्य की मौजूदगी में आरोपित की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 655 ग्राम अफीम बनामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बरेली में गजक का ठेला लगाता है और यह अफीम बरेली में ही एक व्यक्ति से लेकर आया था। कुछ पैसों के लालच में आकर वह अफीम बेचने के लिए ट्रेन से बाजपुर आया था। पुलिस टीम में एसआई देवेंद्र मनराल, हेड कांस्टेबल भूपाल चंद्र, कांस्टेबल सुनील कुमार आदि शामिल रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद स्वार (रामपुर)

पत्रांक सं. :- 122 (iv) न.पा.प.स्वा./2024-25 दिनांकः- 20.06.2024

### ठेका नीलाम सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद स्वार द्वारा दिनांक 29-06-2024 को पूर्वान्ह समय 11:00 बजे वर्ष 2024-25 (01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक) नौ माह हेतु कार्यालय नगर पालिका परिषद स्वार के सभागार में निम्न विवरण के अनुसार ठेकों का नीलाम किया जायेगा। किसी भी बकायदार को बोली में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा। निम्न विवरण के अनुसार बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वार के नाम बन्धक होगा अथवा पालिका खाते दि० न्यू अर्बन को ऑपरेटिव बैंक, शाखा स्वार के खाता संख्या-234003000181 आई०एफ०एस०सी कोड HDFC0CNUCBL में दिनांकः- 28-06-2024 तक जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद स्वार में निहित है, इसमें किसी भी व्यक्ति को ऐतराज करने का अधिकार नही होगा। ठेके की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में आकर कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्रमांक | ठेके का विवरण | जमानत राशि |
|---|---|---|
| 1. | ठेका साप्ताहिक बाजार रविवार किराया भूमि | 1,00,000.00 |
| 2. | ठेका साप्ताहिक बाजार सोमवार किराया भूमि | 50,000.00 |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
स्वार (रामपुर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
स्वार (रामपुर)

## कार्यालय क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद

संख्याः- 211/प्रति पत्रा./2024-25 दिनांकः- 18.06.2024

### नीलामी सूचना

क्षेत्रीय खेल कार्यालय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर मुरादाबाद/सम्भल कार्यालय एवं जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की अस्थाई / स्थायी कीडा सामग्री / उपकरण के निस्तारण हेतु सार्वजनिक नीलामी दिनांक 28-06-2024 को पूर्वान्ह 12:00 बजे किया जाना है। बोलीदाता को निष्प्रयोज्य सामग्रियों की बोली की धनराशि नकद रूप में जमा करनी होगी। निष्प्रयोज्य सामग्री जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में लेनी होगी। इच्छुक बोलीदाता उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

(प्रेम कुमार)
क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी,
मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद

## कार्यालय क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद

संख्याः- 212/प्रति पत्रा./2024-25 दिनांकः- 18.06.2024

### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय खेल कार्यालय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर मुरादाबाद में सत्र 2024-25 के लिये साईकिल, कार, बाईक आदि का पार्किंग ठेका उठाया जाना है ठेके की नीलामी दिनांक 28/06/24 को पूर्वान्ह 11:30 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर मुरादाबाद में होगी। इच्छुक व्यक्ति ठेकेदार रूपया 1,000/- (एक हजार रूपये मात्र) की धनराशि जमानत के रूप में प्रातः 11:00 बजे तक जमा करके नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। इस नीलामी की जानकारी शर्तों / नियमों की जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

(प्रेम कुमार)
क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी,
मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद

## कार्यालय ग्राम पंचायत ठिरिया सालेपुर, विकास खण्ड शाहबाद, रामपुर

पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटैशन /2024-25 दिनांक : 20.06.2024

### अल्पकालीन निविदा / कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ठिरिया सालेपुर वि.खं. शाहबाद जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ +, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्यों के साथ ही RRC, मॉडल शॉप, SHG shed, अंत्येष्टिस्थल, गौशाला में निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.06.2024 से 03.07.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके शाम 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा / कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 04.07.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 3:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत, लोकल रेत | घन मी० | |
| 3 | बजरफुट | घन मी० | |
| 4 | 20/40 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150, ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 6 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद/रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 7 | दीवार टाइल्स, फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 8 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 9 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 10 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 11 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 13 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 14 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 15 | फर्नीचर / बैंच | प्रति नग | |
| 16 | सी.सी. बैंच | प्रति नग | |
| 17 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 18 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 19 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 20 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 21 | प्राइमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 22 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 23 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 24 | आर. सी. सी. पिलर | नग/ बैग | |
| 25 | बालपुट्टी | बैग | |
| 26 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 27 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 28 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 29 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 30 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 31 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 32 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 33 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

**नियम व शर्तेंः-** स्वीकृत निविदा / कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी. डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

सचिव ग्राम प्रधान

## कार्यालय ग्राम पंचायत सोहना, विकास खण्ड शाहबाद, रामपुर

पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटैशन /2024-25 दिनांक : 20.06.2024

### अल्पकालीन निविदा / कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सोहना वि.खं. शाहबाद जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ +, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्यों के साथ ही RRC, मॉडल शॉप, SHG shed, अंत्येष्टिस्थल, गौशाला में निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 21.06.2024 से 03.07.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके शाम 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा / कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 04.07.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 1:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत, लोकल रेत | घन मी० | |
| 3 | बजरफुट | घन मी० | |
| 4 | 20/40 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150, ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 6 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद/रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 7 | दीवार टाइल्स, फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 8 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 9 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 10 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 11 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 13 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 14 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 15 | फर्नीचर / बैंच | प्रति नग | |
| 16 | सी.सी. बैंच | प्रति नग | |
| 17 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 18 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 19 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 20 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 21 | प्राइमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 22 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 23 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 24 | आर. सी. सी. पिलर | नग/ बैग | |
| 25 | बालपुट्टी | बैग | |
| 26 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 27 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 28 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 29 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 30 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 31 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 32 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 33 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

**नियम व शर्तेंः-** स्वीकृत निविदा / कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी. डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

सचिव ग्राम प्रधान

# प्रधानमंत्री पर सपा नेता के अभद्र बयान का वीडियो वायरल

**फतेहपुर, अमृत विचार :** सपा नेता और पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी रजा की प्रधानमंत्री को लेकर की गई टिप्पणी बयान सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने सुल्तानपुर घोष थाने में सपा नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में नवनिर्वाचित सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल के स्वागत कार्यक्रम के दौरान हाजी रजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। भाजपा कार्यकर्ता सपा नेता के इस बयान को लेकर आक्रोशित हैं। 24 सेकेंड का वायरल यह वीडियो चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है।

# अशरफ की पत्नी जैनब के घर पर चला बुलडोजर

## वक्फ बोर्ड की करोड़ की सम्पत्ति पर बना था बंगला, अगली कार्रवाई की तैयारी

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** यूपी में माफियाओं के खिलाफ लागातार एक्शन जारी है। गुरुवार को माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ की पत्नी जैनब के घर पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान कड़ी सुराक्षा के लिहाज से भारी फोर्स तैनात रही। यह सम्पत्ति करीब पांच करोड़ की बताई जा रही है।

विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने गुरुवार को माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ़ की ससुराल पर बड़ी कार्यवाई की है। पीडीए ने वक्फ बोर्ड को जमीन पर बनाये गए करोड़ो के मकान को बुलडोज़र से ध्वस्त कर दिया। 400 वर्ग गज में बना यह आलीशान मकान कानपुर हाईवे से सटा हुआ है। इसलिए इसकी कीमत भी करोड़ो में है। वक्फ बोर्ड की इस ज़मीन को अशराफ़ में ससुराल वालों ने कागज़ों में हेरफेर करके अपने नाम करा लिया था। इस प्रॉपर्टी पर अशरफ़ की पत्नी ज़ैनब और उसके भाई फ़ैज़ी का कब्ज़ा था।

ज़ैनब और उसके भाइयों पर पहले ही वक्फ बोर्ड के केयर टेकर ने मुकदमा दर्ज करा दिया था। इसके बाद राजस्व विभाग ने जांच की तो पता चला कि सल्लाहपुर में अशरफ के साले और ज़ैनब ने वक्फ की ज़मीन पर खुद कब्ज़ा करके दुकान बनवा-बनवा कर बेच दी और काफी ज़मीनों पर अपने लिए कोठी बनवा ली। वक्फ बोर्ड ने अपनी संपत्ति वापस पाने के लिए प्रशासन से मांग की तो पीडीए का एक्शन शुरू हो गया। वहीं प्रशासन का कहना है कि अशरफ की पत्नी जैनब ने 50 करोड़ से अधिक की वक्फ संपत्ति पर जैनब, जैद मास्टर आदि ने कब्जा कर मकान बनवाया हुआ है। इसे ध्वस्त करने का आदेश हुआ था। यह अवैध निर्माण पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर में वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनाया गया था।



अशरफ की पत्नी जैनब के घर पर चलता बुलडोजर। ● अमृत विचार

### नंवबर 2023 में दर्ज हुआ था केस

बता दें कि जैनब फातिमा के जिस आलीशान घर पर बुलडोजर चलाया जाएगा। उसकी कीमत पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह घर सात बीघा जमीन पर बना हुआ था। जमीन पर अशरफ की पत्नी जैनब, उसके भाई जैद और सद्दाम ने कब्जा किया हुआ था। वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर नंवबर 2023 में मामला दर्ज कराया गया था। इसके बाद दिसंबर 2023 को गैंगस्टर एक्ट में मुनादी कराकर इसे कुर्क किया गया था।

# आगरा में माहौल बिगाड़ने की कोशिश एक हिरासत में


**आगरा, एजेंसी :** आगरा के टेढ़ी बगिया के विकासनगर में कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हुए एक घर की छत पर बने पूजास्थल पर खून व मांस रख दिया, जिसके बारे में पता चलने पर स्थानीय लोगों ने हंगामा और विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है और गुरुवार को एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है, जिससे अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। घटना मंगलवार रात की है। पुलिस के अनुसार विकासनगर में रहने वाले ओम भारद्वाज नामक व्यक्ति के बेटे सत्यम ने बताया कि उनके घर की छत पर एक पूजा स्थल है और बुधवार सुबह छह बजे जब वह घर की छत पर पूजा करने गया तो वहां खून और मांस रखा मिला। इस खबर के फैलने के बाद आसपास के लोग भी आ गये, जिसके बाद हंगामा और विरोध शुरू हो गया।

# संवेदनशील बने पुलिस कोताही बर्दाश्त नहीं: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को समय सीमा के अंदर न्याय मिले।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खासकर जनता दर्शन में सामने आ रहीं पुलिस की प्रताड़ना से सम्बंधित शिकायतों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया। बोले कि पीड़ितों के प्रति पुलिस संवेदनशील रहे और स्थानीय स्तर पर ही मामले निपटाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। इस दौरान राज्य के विभिन्न कोनों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाई। योगी ने प्रत्येक पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी योगी ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए।



जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते मुख्यमंत्री योगी।

## सार-संक्षेप

### शाइन सिटी पर ईडी ने दूसरी अभियोजन शिकायत कराई दर्ज, अब तक 18 स्थानों पर पड़े छापे



**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), लखनऊ कार्यालय ने शाइन सिटी द्वारा किए गए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 24 अप्रैल को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), के समक्ष दायर किए गए अभियोजन शिकायत (पीसी) पर न्यायालय ने संज्ञान लिया है। इस मामले में ईडी द्वारा दायर यह दूसरी अभियोजन शिकायत है। ईडी ने राशीद नसीम और शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ उप्र पुलिस द्वारा दर्ज लगभग 554 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। ईडी की जांच से पता चला कि आरोपियों, सहयोगियों और प्रमोटरों ने कई कंपनियों को शामिल किया और रियल एस्टेट सेक्टर और अन्य आकर्षक योजनाओं में निवेश की आड़ में पोंजी-पिरामिड योजना में जनता से धन एकत्र किया और उसके बाद धन को डायवर्ट किया। ईडी की जांच में अब तक 128 करोड़ रुपये की ऐसी संपत्तियों की पहचान की गई है और उन्हें पीएमएलए के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है। इससे पहले ईडी ने लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, मुंबई और दिल्ली में 18 स्थानों पर छापे मारे थे।

### आप सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई 29 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख नियत की है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है।

### बेसमेंट की खोदाई में ढही मिट्टी, 1 की मौत, 3 घायल

**लखनऊ/बीकेटी, अमृत विचार :** बिना अनुमति निर्माणाधीन बिल्डिंग में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए बेसमेंट में की जा रही खोदाई के दौरान एक तरफ की मिट्टी ढह गई। गुरुवार सुबह हुए इस हादसे में चार मजदूर दब गए। पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने चारों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस मामले की जांच एसडीएम ने लेखपाल को जांच सौंपी है, जो डीएम को भेजी जाएगी। घटना सैरपुर थाना क्षेत्र के रैथा रोड पर सहाय एन्क्लेव कॉलोनी में निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठेकेदार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करा रहा था। बेसमेंट की खोदाई में करीब 10 मजदूर लगे थे।

### शिक्षकों के तबादले के बाद अब समायोजन की तैयारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के पारस्परिक तबादले के बाद अब उनके समायोजन की तैयारी की जा रही है। इसके प्रस्ताव पर शासन ने मुहर लगा दी है। प्रदेश के प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों की तैनाती अनियमित है। नियमों के तहत 30 से 35 बच्चों पर एक शिक्षक होना चाहिए। लेकिन, कई ऐसे विद्यालय हैं जहां छात्र और शिक्षक अनुपात में बहुत अंतर है। इसमें नगर क्षेत्र के विद्यालयों की स्थिति ज्यादा खराब है। स्थिति यह है कि जहां शिक्षकों की ज्यादा जरूरत है वहां कम हैं और जहां कम शिक्षकों जरूरत है वहां ज्यादा शिक्षक हैं।

### विरोध के बीच शुरू किया स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में विरोध के बीच बिजली कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल कंपनियों ने बिजली ट्रांसफार्मर पर 31 मीटर लगाये हैं। कंपनियां उपभोक्ताओं के घरों में भी मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू करने की तैयारी में हैं। पूर्वांचल, दक्षिणांचल व पश्चिमांचल निगमों में यूजर एक्सेप्टेंस टेस्ट (यूएटी) के लिए 31 स्मार्ट प्रीपेड मीटर वितरण ट्रांसफार्मर पर लगाए गए हैं। जल्द ही प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के घरों में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसका कड़ा विरोध करते हुए मीटर लगाने की कार्रवाई बंद करने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से बनाया गया नियम गलत है।

# ललितपुर समेत तीन इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

**लखनऊ, अमृत विचार :** मौसम में कुछ सुधार के बाद भी गुरुवार को बिजली कंपनियों को बिजली संकट से राहत नहीं मिल सकी। ललितपुर, बारा व हरदुआगंज बिजलीघरों की एक-एक इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र आपात बिजली कटौती का सामना करते रहे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ललितपुर की 660 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व हरदुआगंज की 110 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गई। इससे राज्य के बिजलीघरों से बिजली की उपलब्धता प्रभावित हो गई। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति में काबू में की गई। बिजली अभियंता बारा इकाई के 22 जून व बाकी इकाइयों को देर रात तक हो जाने की उम्मीद जताते रहे। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,448 मेगावाट दर्ज हुई।

# सरकारी कर्मियों के मनमानी बयानबाजी पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य सरकार का अब कोई भी अधिकारी, कर्मचारी मनमानी बयानबाजी मीडिया पर नहीं कर सकेगा। इसको लेकर शासन ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। आदेश के मुताबिक, मीडिया से बात करने के लिए पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। आदेश में कहा गया है कि अखबार में मनमाफिक लेख न लिखे और टीवी-रेडिओ में न बोले। वहीं सोशल मीडिया के लिए भी नियम तय किए गए हैं।

अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी द्वारा बुधवार को जारी आदेश में उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 का हवाला दिया गया है। इस नियमावली के नियम-3(2) में यह प्रावधान है कि प्रत्येक सरकारी कर्मचारी को सदैव आचरण एवं व्यवहार को विनियमित करने वाले विशिष्ट अथवा निहित सरकारी आदेशों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। आदेश में है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी बिना सरकार की पूर्व स्वीकृति के किसी भी समाचार पत्र या पत्रिका का स्वामित्व, संचालन या संपादन या प्रबंधन नहीं करेगा।

### साहित्यिक, कलात्मक या वैज्ञानिक लेखों पर अंकुश नहीं

आदेश में आगे कहा गया है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी सरकार या किसी अधिकृत अधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी रेडियो प्रसारण में भाग नहीं लेगा या किसी समाचार पत्र या पत्रिका को कोई लेख नहीं भेजेगा। यह प्रतिबंध अपने नाम से या गुमनाम रूप से समाचार पत्रों या पत्रिकाओं को पत्र लिखने पर भी लागू होता है। हालांकि, अगर ऐसे प्रसारण या लेख की प्रकृति पूरी तरह से साहित्यिक, कलात्मक या वैज्ञानिक है, तो मंजूरी की कोई जरूरत नहीं है।

# यमुना में 6 साथी डूबे, दो की मौत

संवाददाता, खागा-फतेहपुर

**अमृत विचार :** खखरेरु थाना क्षेत्र के परवेजपुर गांव में यमुना में साथियों संग नहाने गए दो की नदी में डूबकर मौत हो गई। उनके चार साथियों को ग्रामीणों ने बचा लिया।

खखरेरु थाना क्षेत्र के परवेजपुर गांव में गुरुवार को यमुना नदी में नहाने गए अलग-अलग गांव के छह युवक अचानक नदी में डूब गए। इसमें मोहम्मद हसनैन खान निवासी हकीमपुर खंतवां और मोहम्मद फैसल खान निवासी जहांगीर नगर गहुरा की डूबकर मौत हो गई। इस बीच चीखपुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने किसी तरह चार साथियों में वकार अहमद निवासी अंजना कबीर, फैज अहमद निवासी कबरा, अनश खान निवासी हकीमपुर खंतवा, हसन उल्ला निवासी हकीमपुर खंतवा की जान बचा ली। वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि फैसल खान पहले नदी में डूबने लगा था। इस दौरान उसे बचाने के लिए हसनैन भी नदी में कूद गया। जिससे वह भी डूबने लगा। बाकी चार साथियों ने भी उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन वह भी सफल नहीं हो सके और खुद डूबने लगे।

### बेतवा नदी में तीन बच्चों की डूबने से मौत

**हमीरपुर, अमृत विचार :** बेतवा नदी नहाने गए तीन बच्चे डूब गए। बच्चों के कपड़े व चप्पलें नदी किनारे पड़ी होने पर चरवाहों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। काफी तलाश के बाद तीनों बच्चों के शरीर नदी में उतराते मिले। जिन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पौथिया निवासी हर्षित (10) पुत्र कालका प्रसाद उर्फ कलकी, रोहित (9) पुत्र आशाराम व सौरभ (9) पुत्र केश कुमार तीनों गुरुवार की करीब 11 बजे बेतवा नदी में नहाने गए थे। नहाते समय गहरे पानी में जाने से तीनों नदी में समा गए। उधर काफी देर तक जब बच्चे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन ढूंढते नदी में पहुंचे तो नदी किनारे जानवर चरा रहे चरवाहों ने नदी किनारे कपड़े चप्पल देख डूबने की शंका जाहिर की। थोड़ी देर बाद तीनों बच्चों के शव नदी में उतराते मिले।

# पुलिस से हुई मुठभेड़ में दो लुटेरे घायल, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● **एक लुटेरा पूरनपुर और दूसरा इटावा का रहने वाला है**

**अमृत विचार :** कृष्णानगर के पंडित खेड़ा में गुरुवार तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में बाइक सवार दो लुटेरे घायल हो गए। जिनको पुलिस ने लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक इन दोनों 14 जून को लॉन्ड्री संचालक को असलहा दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस उपायुक्त दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह के मुताबिक घायल बदमाशों में पूरनपुर (पीलीभीत) का रहने वाला आरिफ और इटावा भरथना का अभिनय उर्फ अभिनव है। दोनों ने 14 जून को दिनदहाड़े कृष्णानगर में लॉन्ड्री संचालक को असलहा दिखाकर नकदी लूटी थी। संचालक ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह के मुताबिक मुठभेड़ में घायल आरिफ और अभिनव गिरोह चलाते हैं। उनके गिरोह में दो दर्जन से अधिक लुटेरे शामिल है। यह गिरोह पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, इटावा, मैनपुरी के आसपास के इलाकों में वारदात को अंजाम देता है। एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया वह वारदात से चार दिन पहले लखनऊ आए थे। 14 जून को वारदात के बाद भागते समय दोनों लुटेरे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। इसी फुटेज के आधार पर दोनों की पहचान की गई। एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी आरिफ ने 70 प्रतिशत नंबर से स्नातक की डिग्री हासिल की है।

# प्रदेश में हीट वेव से केवल 44 मौत की हुई पुष्टि

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में हीट वेव से केवल 44 मौतों की पुष्टि हुई है। सरकारी रिकार्ड में इतनी मौतें लू के प्रकोप से मानकर मुआवजा दिया गया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में सैकड़ों लोगों की जान जाने का दावा किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि पांच साल में पहली बार गर्मी का कहर ऐसा रहा कि लू के प्रकोप से मौतें हुई हैं। आपदाओं की रोकथाम और उससे प्रभावित लोगों को राहत देने वाले आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार तक केवल 44 मौतें होने का दावा किया है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार का कहना है कि इस वर्ष गुरुवार तक आपदाओं में 570 मौतें हो चुकी हैं। 15 मौत बीते 24 घंटे में दर्ज की गई है। इसमें हीट वेव से एक भी मौत की पुष्टि नहीं हुई है। उनका कहना है कि मृतकों को मुआवजा देने की कार्रवाई चल रही है।

## वर्ग पहेली-107

**बाएं से दाएं**

2. अहीर या ग्वाला।

5. 1. (रामायण) मिथिला नरेश जनक की कन्या जिसका विवाह रामचंद्र से हुआ था, जानकी, वैदेही 2. हल द्वारा जोतने से ज़मीन पर निर्मित रेखाकार गड्ढा 3. हल का फाल 4. कृषिकर्म 5. कृषि की अधिष्ठात्री देवी 6. राजा की व्यक्तिगत कृषि भूमि, सीर 7. प्राचीन काल में सीताध्यक्ष नामक अधिकारी द्वारा प्रजा से एकत्रित अन्न।

6. 1. ख़ून, रक्त, रुधिर 2. केसर, सिंदूर 3. तांबा।

8. लेख, आलेख।

10. 1. आवेग संबंधी 2. जोशीला, बिना सोचे-समझे कुछ कर गुज़रने वाला 3. आवेगशील, अशांत।

**ऊपर से नीचे**

1. कमी, त्रुटि।


3. 1. सिर में निकाली हुई मांग, स्त्रियों के सिर की मांग 2. हद, सीमारेखा 3. अस्थिसंघात, हड्डियों का जोड़।

4. विकसित, सुसंस्कृत, उन्नत।

7. बहुत दूर तक की बात सोचने वाला, दूरदर्शी, अग्रसोची।

8. 1. कुमार्गी, कुपथगामी 2. आचरणहीन, बुरे चाल-चलन वाला।

9. 1. वह स्थान जहां तरह-तरह की वस्तुओं की दुकानें हों, वस्तुओं के क्रय-विक्रय का निश्चित स्थान, हाट, मंडी, (मार्केट) 2. क्रय-विक्रय के लिए एकत्रित हुए लोग। (मु.)-करना : ख़रीददारी करना। -तेज़ होना : सभी वस्तुओं का मूल्य बढ़ना।



### वर्ग पहेली-106 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | 1 थ | ने | ला |
| ■ | 2 को | य | ला | ■ | ■ | ■ |
| ■ | का | ■ | ■ | 3 ज | ■ | 4 डु |
| ■ | 5 बे | उ | सू | ल | ■ | लि |
| 6 चो | ली | ■ | ■ | 7 कं | जि | का |
| ■ | ■ | ■ | ■ | डु | ■ | ■ |
| 8 अ | नु | ना | दी | ■ | 9 सि | ल |

## सुडोकू-20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 1 | |
| 5 | 4 | | | | | | 9 | |
| 7 | | | 9 | 3 | 4 | | | 6 |
| 6 | | | | 4 | 9 | | 3 | |
| | | 2 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 7 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | 1 | 2 | 5 | | | 3 |
| | 6 | | | | | | 7 | 5 |
| | 3 | | | | 7 | | 8 | |

### सुडोकू - 19 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी-07.31 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 18.19 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** - आज छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। कुछ अपने लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। आपको अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। ई-मेल और अन्य दस्तावेजों पर सावधानी पूर्वक जांचकर ही प्रतिक्रिया दें।

**वृष** - आज पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेतर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ नवाचारी प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा।

**मिथुन** - आज अनावश्यक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध लोगों की भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइन्ट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है।

**कर्क** - आज प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए।

**सिंह** - आज किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा कर सकते हैं। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों के दृष्टिकोण से दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

**कन्या** - आज मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खान-पान की आदतों में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपके सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। मित्रों के साथ कहीं दूर की यात्रा का विचार बनाएंगे।

**तुला** - आज दिल की बजाय दिमाग से काम करें। अपने काम में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** - आज व्यवहार कुशलता के कारण आप कुछ उलझे हुए मामलों को सुलझा सकते हैं। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशन्सा करेंगे।

**धनु** - आज कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ संवादहीनता की स्थिति पनप सकती है। जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं।

**मकर** - आज समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल रखेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कुंभ** - आज परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा, किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें।

**मीन** - आज आपकी वाणी में सौम्यता परिवार में विशेष सम्मान की दिलाएगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। आपके रुके हुए कार्य संपन्न होंगे। दांपत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
आज का रावण – सुबह : 09.00
जान से प्यारा – शाम : 06.00

**Sony Pix**
इट – सुबह : 10.00
हांस जिमर – रात : 09.00

**&pictures**
शूरवीर – सुबह : 11.05
धमाल – रात : 07.30

**Zee Cinema**
वलाटी – सुबह : 12.02
मायोन – रात : 08.00

**Colors Cineplex**
आंखें – सुबह : 08.17
कुछ कुछ होता है – शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश..

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 930 फ्लैग 1040 डीएमओ 830 बोल्ड 1105, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1090 डीएमओ 800।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104-106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत: 90से 105 रुपये चना देसी: 60से 70 रुपये चना कावली: 90 से 130 रुपये राजमा लाल: 130 से140 रुपये राजमा चित्ता: 125 से 130 रुपये लोबिया लाल: 90से 110 रुपये लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### सोने की कीमत में 120 और चांदी में 900 रुपये की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 120 रुपये मजबूत होकर 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,430 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 900 रुपये की तेजी के साथ 92,300 रुपये प्रति किलो हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।


### ईपीएफओ से रिकॉर्ड 18.92 लाख सदस्य जुड़े

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से अप्रैल महीने में शुद्ध रूप से रिकॉर्ड 18.92 लाख सदस्य जुड़े। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। श्रम मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल, 2018 में ईपीएफओ की तरफ से संबद्ध कर्मचारियों का आंकड़ा पहली बार जुड़े सदस्यों की सर्वाधिक संख्या है।

# असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न करने से पैदा हो सकती है बड़ी समस्या: दास

## भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर आरबीआई की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है। यहां आरबीआई के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि असुरक्षित ऋण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं, लेकिन मानकों में ढील, उचित मूल्यांकन का अभाव और कुछ ऋणदाताओं के बीच असुरक्षित ऋण को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के स्पष्ट सबूत हैं। दास ने कहा-हमने सोचा कि अगर इन कमज़ोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए, हमने सोचा कि पहले से ही कार्रवाई करना और ऋण वृद्धि को धीमा करना बेहतर है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि आरबीआई की कार्रवाई का वांछित प्रभाव पड़ा है, क्योंकि असुरक्षित ऋण में वृद्धि वास्तव में धीमी हो गई है। दास ने कहा कि क्रेडिट कार्ड खंड में वृद्धि आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30 प्रतिशत से घटकर अब 23 प्रतिशत हो गई है, जबकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बैंक ऋण देने की वृद्धि पहले के 29 प्रतिशत से घटकर अब 18 प्रतिशत हो गई है। पिछले वर्ष 16 नवंबर को आरबीआई ने गैर-जमानती ऋण और एनबीएफसी को दिए जाने वाले ऋण पर जोखिम भार बढ़ा दिया था, जिससे बैंकों को ऐसी परिसंपत्तियों पर अधिक मात्रा में पूंजी रखनी होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है।

## गेहूं कीमतों में स्थिरता के लिए नीतिगत हस्तक्षेप पर विचार कर रही सरकार

- शाह की अध्यक्षता में समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी:** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देश में उपभोक्ताओं के लिए गेहूं की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा कि उसने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में दो रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है। आंकड़े दर्शाते हैं कि, 20 जून तक गेहूं का औसत खुदरा मूल्य 30.99 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो एक साल पहले 28.95 रुपये था, जबकि गेहूं के आटे की कीमत पिछले साल 34.29 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 36.13 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। मंत्रियों ने बैठक के दौरान गेहूं के स्टॉक और कीमतों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा-केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया कि गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखी जाए और देश के उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप किए जाएं।

## आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



आयोजित सेरेमनी में पत्रकारों से बात करते डीपी सिंह। ● अमृत विचार

- एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर चल रहा मंथन
- मसाले-कृषि उपकरण के साथ श्रमशक्ति के निर्यात पर फोकस

**अमृत विचार :** अड़चन न आई तो म्यामांर, भूटान, घाना, चिली, फिजी, इजराइल समेत आठ देशों और उत्तर प्रदेश के बीच 1000 करोड़ के कारोबार की नींव पड़ जाएगी। यह संभावना एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डीपी सिंह ने बीते शनिवार-रविवार को हुए कान्क्लेव को सफल बताते हुए जताई। कान्क्लेव में करीब 30 देशों के राजदूतों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

गुरुवार को आयोजित सक्सेज सेरेमनी के दौरान डीपी सिंह ने बताया कि इन देशों के बीच प्रमुख रूप से मसाला, चिकन वस्त्र, जरदोजी, श्रमिकों की आपूर्ति, भवन और सड़क निर्माण के लिए कांट्रैक्टर समेत कई बिंदुओं पर निर्यात और आयात पर सहमति बन रही है। एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर मंथन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक अनुबंधों का यह प्रयास उप्र. प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए संगठन की ओर से उठाया गया एक कदम मात्र है। संगठन की ओर यूपी और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच व्यापार और आयात-निर्यात के लिए मंच उपलब्ध कराया गया। परिणाम उत्साहजनक नजर आ रहे हैं।

**म्यामांर और भूटान को मसाले की दरकार तो रॉ-मैटीरियल के लिए भारत तैयार:** अध्यक्ष बताते हैं कि कोशिश है कि म्यामांर और भूटान समेत दो अन्य देश भारत से मसाले खरीद सकते हैं। वहां से कई वस्तुओं के रॉ-मैटीरियल खरीद के लिए भारत हाथ बढ़ा सकता है। कजाकिस्तान, रूस से जरदोजी वाले चिकन वस्त्र और भदोही के कालीन की मांग पर विचार हो रहा है। यही नहीं फिजी, इजराइल, घाना आदि में मैन पावर की डिमांड है।

### खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की मांग

डीपी सिंह ने बताया कि कृषि उपकरणों की मांग है। फिजी, घाना समेत कई देशों को कृषि उपकरणों की खासी जरूरत है। यहां तक खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की जरूरत है। ये देश भारत से बड़ी मात्रा में कृषि उपकरण खरीद सकते हैं।

### इजराइल, घाना से श्रमिकों व ठेकेदारों की डिमांड

युद्ध की विभीषिका को देखते हुए इजराइल में सिविल और निर्माण कार्य के लिए विशेषज्ञ ठेकदारों और मैन पावर आपूर्ति के प्रस्ताव पर भी विचार जारी है। सुरक्षा समेत सभी पहलुओं पर विचार होने के बाद ही इस पर आगे बढ़ा जाएगा।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,150-55,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 884 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

## संसेक्स नए शिखर पर, निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड

- संसेक्स ने 77 हजार के पार और निफ्टी 51 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 141 अंक चढ़कर नये शिखर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 141.34 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ नई ऊंचाई 77,478.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 305.5 अंक चढ़कर 77,643.09 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 51 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 23,567 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 108 अंक उछलकर 23,624 अंक तक चला गया था। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा-विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले तीन दिन से शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बताया कि 12,600 करोड़ रुपये की लिवाली की जिसमें कुछ बड़े सौदे शामिल हैं। एफआईआई के मजबूत प्रवाह और बेहतर वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच घरेलू मोर्चे पर बाजार सकारात्मक बढ़त के साथ सुदृढ़ हो रहा है। उन्होंने कहा-इसके अलावा बजट के वृद्धि को बढ़ावा देने वाला होने की उम्मीद से धारणा मजबूत हो रही है और इससे केंद्रित गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

## अनचाही कॉल एसएमएस पर लगाम के लिए मसौदा जारी

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को प्रचार-प्रसार संबंधी फोन कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने से संबंधित दिशा-निर्देशों के मसौदे पर 21 जुलाई तक टिप्पणियां आमंत्रित कीं। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए इन दिशा-निर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें कारोबारी संचार को प्रचार और सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है।



# मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं प्रधानमंत्री : राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने नीट विवाद को लेकर किया दावा, कहा-सरकार चलाने के लिए करेंगे संघर्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट और नीट-यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं और सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध रोक देते हैं, लेकिन पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भाजपा और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल संसद के आगामी सत्र में पेपर लीक के मुद्दे को उठाएंगे।

उन्होंने कहा-कहा जा रहा था कि नरेन्द्र मोदी जी ने रूस-यूक्रेन के युद्ध को रोक दिया था। इजरायल और गाजा के बीच युद्ध को को रोक दिया था। लेकिन नरेन्द्र मोदी हिंदुस्तान में पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया, अगर मैं कहूं तो प्रधानमंत्री मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं। वह मनोवैज्ञानिक रूप से ढह गए हैं और इस तरह सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे...मोदी का सरकार चलाने का विचार लोगों में डर पैदा करना, उन्हें डराना और बोलने नहीं देना है।

उन्होंने कहा-इस चुनाव में मोदी की मूल अवधारणा नष्ट हो गई है। अब हमारे पास एक मजबूत विपक्ष है। पेपर लीक के मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा, अगर योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं दी जाएगी, असमर्थ लोगों को कुलपति बनाया जाएगा और परीक्षा के ढांचे में अपनी विचारधारा के लोगों को डालेंगे तो पेपर लीक होगा। पेपर लीक का कारण है कि भाजपा के मातृत्व संगठन ने पूरे तंत्र को कब्जा कर रखा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि जो संस्थान पहले निष्पक्ष हुआ करते थे, आज एक विचारधारा के साथ चलने लगे हैं तथा इन संस्थानों में असमर्थ लोगों के बैठा दिया गया है।

### मोदी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था और भर्ती प्रणाली को तहस-नहस कर दिया : खरगे



कांग्रेस ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार लीक और फ्रॉड के बिना कोई परीक्षा आयोजित नहीं कर सकती। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इस सरकार ने शिक्षा एवं भर्ती की पूरी व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। मेडिकल में प्रवेश के लिए होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे विवाद के बीच, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा गया है।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत

**चेन्नई, एजेंसी**



तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से एक रिश्तेदार की मौत पर शोक मनाते लोग। ● एजेंसी

तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में स्थित करुणापुरम क्षेत्र में मातम का माहौल है जहां जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत हो गई और इसके चलते कई बच्चे अनाथ हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जहरीली शराब पीने से 100 से अधिक लोग बीमार हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है।

